




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 90 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 30 दिसम्बर 2025 डाक 31 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी हैदराबाद में तीसरी तेलंगाना विधानसभा के सातवें सत्र में पहुंचे.....



**देश-विदेश**
नए साल पर इस मुस्लिम देश में नहीं मनेगा जश्न, आतिशबाजी और शोर-शराबे पर भी रोक



**फीचर पेज**
बेबी पालक है पोषक तत्वों का भंडार इसे बनाकर खाएं अनोखे पकवान



# बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन, 80 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

## शर्मीली हाउसवाइफ से बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री, पति की हत्या ने बनाया खालिदा को आयरन लेडी

**ढाका, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश की पूर्व खालिदा जिया का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने कहा कि खालिदा का निधन 30 दिसंबर को सुबह 6 बजे ढाका के एवरकेयर अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ है। वह किडनी और हृदय रोग के साथ-साथ निमोनिया के संक्रमण से जुझ रहीं थीं। वह कई साल से लिवर सिरोसिस, गठिया, मधुमेह, गुर्दे, फेफड़े और आंखों की समस्याओं सहित विभिन्न जटिलताओं से पीड़ित थीं। उन्हें 23 नवंबर को सांस लेने की तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले जून 2024 में उन्हें हार्ट पेसमेकर सर्जरी भी करानी पड़ी थी। खालिदा का जन्म 1945 में जलपाईगुड़ी (अब भारत के पश्चिम बंगाल) में हुआ था। उन्होंने शुरू में दिनाजपुर मिशनरी स्कूल में पढ़ाई की और बाद में 1960 में दिनाजपुर गर्ल्स स्कूल से मैट्रिक किया। खालिदा के पिता इस्कंदर मजूमदार बिजनेसमैन थे और मां तैयबा मजूमदार हाउसवाइफ थीं। 1960 में उनकी शादी जिया उर रहमान से हुई। वह उस समय पाकिस्तान आर्मी में कैप्टन थे और उन्होंने 1965 तक दिनाजपुर के सुरेंद्रनाथ कॉलेज में अपनी पढ़ाई जारी रखी, जब वह अपने पति के साथ रहने के लिए पश्चिमी पाकिस्तान चली गईं।




जब 1971 में मुक्ति संग्राम शुरू हुआ, तो जिया उर रहमान ने पाकिस्तानी आर्मी से बगावत किया और जंग में हिस्सा लिया। इस वक्त तक खालिदा राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं थीं। जिया उर रहमान कहा करते थे कि वह एक शर्मिली हाउसवाइफ हैं जो अपने दोनों बच्चों के लिए समर्पित हैं। लेकिन 30 मई, 1981 को जियाउर रहमान की हत्या के बाद, BNP एक गंभीर संकट में फंस गई। इस मुश्किल समय में, खालिदा जिया ने राजनीति में पैर रखा। वह पार्टी में शामिल हुईं और 12 जनवरी, 1984 को इसकी वाइस-प्रेसिडेंट बनीं। उन्हें 10 मई, 1984 को BNP का चेयरपर्सन चुना गया। खालिदा जिया बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री रहीं हैं। 20 मार्च 1991 को उन्होंने पहली बार पीएम पद की शपथ ली। इसके बाद 1996 में वह दोबारा प्रधानमंत्री बनीं। हालांकि इस चुनाव में कई पार्टियों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया था। इस दौरान ही उन्होंने आपात स्थिति में निष्पक्ष केयर टेकर सरकार होने का प्रावधान किया था। इसके लिए उन्होंने संविधान में संशोधन किया था। हालांकि केयर टेकर सरकार बनने के बाद होने वाले मध्यावधि चुनाव में बीएनपी पार्टी को अवामी लीग के हाथों करारी हार मिली। हालांकि साल 2001 में हुए चुनाव में उन्हें दो तिहाई बहुमत से जीत मिली थी। फिर 2007 में सेना समर्थित केयर टेकर सरकार ने उन्हें जेल भेज दिया। फिर वह 2008 में रिहा कर दी गई थीं। फिर 2018 में भी उन्हें जेल जाना पड़ा था, लेकिन उनकी पार्टी और परिवार के सदस्यों ने बार-बार तत्कालीन अवामी लीग सरकार से खालिदा को बेहतर इलाज के लिए विदेश जाने की इजाजत देने की गुजारिश की थी, लेकिन उनकी अपील ठुकरा दी गई थी। खालिदा जिया को साल 2018 में अवामी लीग की सरकार के दौरान जेल भेजा गया था। उनपर जिया अनाथालय ट्रस्ट भ्रष्टाचार में लिफ्त होने के आरोप लगे थे। हालांकि कोरोना महामारी के दौरान उन्हें कुछ वक्त के रिहा किया गया था। 6 अगस्त 2025 को खालिदा को पूरी तरह से रिहा कर दिया गया था। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संविधान के अनुच्छेद 49 में दी गई राष्ट्रपति की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए उनकी सजा को माफ कर दिया था।

# मां की आय ज्यादा तो पिता बच्चों के भरण-पोषण से मुक्त नहीं, दिल्ली हाई कोर्ट ने समझाया जिम्मेदारी का चैप्टर

**नई दिल्ली 30 दिसम्बर।** दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि केवल इस आधार पर मां की आय ज्यादा है, पिता अपने नाबालिग बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। अदालत ने कहा कि बच्चों का पालन-पोषण दोनों माता-पिता की कानूनी, नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है और किसी एक की अधिक आय दूसरे की जिम्मेदारी खत्म नहीं करती। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि मां की आय अधिक है और उसकी कस्टडी में बच्चे हैं, वे पहले से ही कमाने के साथ-साथ प्राथमिक देखभालकर्ता की दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। ऐसे में पिता अपनी आय छुपाकर या तकनीकी दलीलों के सहारे जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। अदालत ने कहा कि कानून किसी भी कार्यशील मां को शारीरिक, आर्थिक और मानसिक रूप से थका देने की इजाजत नहीं देता, जबकि पिता अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट जाए। यह फैसला उस मामले में आया, जिसमें एक व्यक्ति ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। निचली अदालत ने दिसंबर 2023 में पति को तीनों बच्चों के लिए 30 हजार रुपये मासिक अंतरिम भरण-पोषण देने का आदेश दिया था, जिसे सत्र अदालत ने भी बरकरार रखा। पति ने हाई कोर्ट में दावा किया कि उसकी आय केवल नौ हजार रुपये है, जबकि पत्नी की 34,500 रुपये, इसलिए उस पर पूरा भार डालना कानून के सिद्धांतों के खिलाफ है। उसने पत्नी पर कानून के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया। पत्नी ने तर्क दिया कि बच्चों की पढ़ाई, देखभाल, इलाज और रोजमर्रा की जिम्मेदारियां पूरी तरह उसी पर हैं और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पिता से खत्म नहीं हो सकती। अदालत ने टिप्पणी की कि पत्नी का आचरण निर्भरता नहीं बल्कि जिम्मेदारी का भाव दर्शाता है और पिता को अपने बच्चों के प्रति कर्तव्य का एहसास कराना उसका अधिकार है।




### अल्मोड़ा में भीषण बस हादसा

# सात यात्रियों की मौत, रामनगर जा रही गाड़ी खाई में गिरी



**अल्मोड़ा, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**

**तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विनायक के पास सैलापानी के समीप एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक सात यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त बस रामनगर की ओर जा रही थी। बताया जा रहा है कि सैलापानी के पास अचानक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही कई यात्रियों की मौत हो गई। अब तक पांच शवों को घटनास्थल से बाहर निकाला जा चुका है, जबकि एक अन्य मृतक की पुष्टि बाद में हुई है। मृतकों की पहचान और पते का पता लगाने का कार्य प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाई। पुलिस के अनुसार खाई की गहराई अधिक होने के कारण रेस्क्यू अभियान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि युद्धस्तर पर बचाव कार्य जारी है। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया जा रहा है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर सड़क की स्थिति और चालक द्वारा नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है।

दुर्घटना हुई बस रामनगर के कुमाऊं मोटर ऑनर्स यूनियन (केएमओयू) लिमिटेड संस्था की बस संख्या यूके 07 PA 4025 थी। सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे द्वाराहाट नोबाड़ा के लिए चली थी। करीब आठ बजे बस सैलापानी बैंड के समीप दुर्घटना हो गई। चालक परिचालक ठीक है। बस रामनगर के मोहम्मद अल्ताफ की है।

# झारखंड पहुंचे सीएम साय अन्तर्राज्यीय जन सांस्कृतिक समागम समारोह में हुए शामिल



**रायपुर/गुमला।** झारखंड पहुंचे सीएम साय अन्तर्राज्यीय जन सांस्कृतिक समागम समारोह में शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसा किया, जिसने हर किसी के दिल को जीत लिया. दरअसल, राष्ट्रपति सोमवार को एनआईटी जमशेदपुर के दीक्षांत समारोह से लौट रहीं थीं। इस दौरान, राष्ट्रपति का काफिला जब आकाशवाणी चौक से गुजर रहा था तो सड़क किनारे कुछ बच्चे खड़े थे।

वे राष्ट्रपति को देखने के लिए उत्साहित थे, जिसे देखते हुए उन्होंने अपना काफिला रुकवा दिया। नियमों के अनुसार, पूरे रूट में राष्ट्रपति का काफिला कहीं भी नहीं रुकता, लेकिन बच्चों की मासूमियत ने राष्ट्रपति का काफिला रुकवा दिया। काफिला जैसे ही रुका, वैसे ही सुरक्षाकर्मी मुस्तैद हो गए। राष्ट्रपति उत्साह के साथ गाड़ी से उतरीं और सीधे बच्चों और महिलाओं के पास पहुंच गईं।

# किन्नरों के दो गुटों में हिंसक झड़प, 10 से अधिक घायल, सेक्स रैकेट से जुड़ा मामला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भद्रक जिले में दो किन्नर समूहों के बीच उपजा विवाद मंगलवार को हिंसा में बदल गया, जिसमें 10 से अधिक किन्नर घायल हो गए। इस घटना के बाद भद्रक टाउन पुलिस स्टेशन के बाहर तनाव की स्थिति बन गई। जानकारी के मुताबिक यह घटना चरम्पा क्षेत्र के डागरासाही के पास उस समय हुई, जब एक किन्नर समूह के सदस्य घर लौट रहे थे। इसी दौरान प्रतिद्वंद्वी समूह के सदस्यों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों समूहों के बीच विवाद पिछले कई दिनों से चल रहा था। इस संदर्भ में एक समुदाय के सदस्यों ने पुलिस को भी सूचित किया था। हमले में 10 से अधिक किन्नर घायल हुए हैं। घायलों को सिर, पीठ, कान और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।इसके बाद वे चिकित्सा सहायता, सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर टाउन पुलिस स्टेशन पहुंचे। घटना के बाद पुलिस स्टेशन के बाहर तनाव फैल गया, जहां एक गुट के सदस्यों ने प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। किन्नर समुदाय के एक सदस्य ने आरोप लगाया कि यह हिंसा पहले उठाई गई आपत्तियों से जुड़ी है, जो कथित अवैध गतिविधियों के खिलाफ थीं।

### दिल्ली में प्रदूषण और कोहरे का डबल अटैक

# नए साल पर बारिश से राहत की उम्मीद, आईएमडी का ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर मंगलवार को भी प्रदूषण और घने कोहरे की गिरफ्त में रहा। पूरे शहर पर सुबह से ही धुंध की मोटी चादर छाई रही और एयर क्वालिटी इंडेक्स बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली का औसत AQI 388 दर्ज किया गया, जो Very Poor श्रेणी में आता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि मंगलवार और 31 दिसंबर तक मध्यम से घना कोहरा बना रहेगा। वहीं, नववर्ष के दिन हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे प्रदूषण में कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, ठंडी हवाओं की कमी और नमी की अधिकता के चलते दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई है। इसका सीधा असर सड़क और हवाई यातायात पर भी देखने को मिल रहा है।

# केंद्रीय बजट की तैयारियां हुईं तेज, पीएम मोदी करेंगे देश के शीर्ष अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से चर्चा

**नईदिल्ली 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देश के जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मुलाकात करने वाले हैं। इस बैठक में वह बजट को लेकर उनकी राय और सुझाव जानेंगे। यह बैठक सरकार द्वारा बजट से पहले की जा रही चर्चाओं का हिस्सा है। इसमें अर्थशास्त्रियों और अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों के अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम और अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते हैं। इस बैठक का उद्देश्य देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विशेषज्ञों के विचार जानना है, ताकि सरकार सही आर्थिक फैसले ले सके। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को बजट पेश कर सकती हैं। यह बजट ऐसे समय में आएगा, जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दे मौजूद हैं। बजट की तैयारी के लिए वित्त मंत्री पहले ही कई अर्थशास्त्रियों, ट्रेड यूनियनों और श्रमिक संगठनों से चर्चा कर चुकी हैं। ये बैठकें हर साल बजट से पहले की जाती हैं। हाल के दिनों में सरकार ने बैंकिंग, होटल, आईटी और स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की है। इसके अलावा कृषि, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विकास को बढ़ावा देने और रोजगार व आमदनी बढ़ाने पर भी चर्चा की गई है।


# 31 दिसंबर को शाम 7 बजे से कनॉट प्लेस में वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

### दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी



**नई दिल्ली 30 दिसम्बर।** नए साल के मौके पर दिल्ली-एनसीआर में यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष व्यवस्था लागू की है। 31 दिसंबर को शाम 7 बजे से कनॉट प्लेस में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यहां केवल वैध पास वाले वाहनों को ही कुछ निश्चित क्षेत्रों में प्रवेश की अनुमति दी गई है। नई साल के मौके पर लोगों को परेशानी न हो, इसीलिए नए साल का जश्न समाप्त होने तक यातायात में बदलाव और विशेष पार्किंग व्यवस्था लागू रहेगी। इसके अलावा कनॉट प्लेस की ओर जाने वाले वाहनों को मंडी हाउस, बंगाली मार्केट, रणजीत सिंह फ्लाईओवर, मिंटो रोड, पटेल चौक आदि स्थानों से आगे जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। गोल डाक खाना, कालीबाड़ी मार्ग, पंत मार्ग, कॉपरनिकस मार्ग, मिंटो रोड और विंडसर प्लेस जैसे स्थानों पर पार्किंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगी।

# प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने की सगाई गर्लफ्रेंड अवीवा बेग को पहनाई अंगूठी



**नई दिल्ली 30 दिसम्बर।** कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने सगाई कर ली है। 25 वर्षीय रेहान ने अवीवा बेग को अंगूठी पहनाते हुए शादी के लिए प्रपोज किया और अवीवा ने भी रेहान का प्रपोजल स्वीकार करते हुए हामी भर दी है। प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान पिछले 7 साल से अवीवा को डेट कर रहे थे। वाड्रा परिवार ने भी इस रिश्ते को मंजूरी दे दी थी। वहीं, अब दोनों की सगाई हो चुकी है। अवीवा बेग की बात करें, तो वो दिल्ली की रहने वाली हैं। उनका परिवार वाड्रा परिवार का करीबी माना जाता है। दोनों परिवार ने रेहान और अवीवा के रिश्ते को स्वीकार कर लिया है।रेहान वाड्रा पेशे से वर्चुअल आर्टिस्ट हैं, जो 10 साल की उम्र से दुनिया के अलग-अलग कोनों की खूबसूरत तस्वीरें लेते रहे हैं। रेहान कमर्शियल फोटोग्राफी के साथ-साथ वाइल्डलाइफ समेत कई चीजों की तस्वीरें खींचते हैं। 2017 में स्कूल क्रिकेट मैच के दौरान रेहान की आंख में चोट लग गई थी।

# भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग हुए और मजबूत, नौसेना के लिए दो अतिरिक्त एमक्यू-9 ड्रोन लेने को मिली मंजूरी



**नईदिल्ली 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत ने भारतीय नौसेना के लिए दो अतिरिक्त एमक्यू-9 मानवरहित ड्रोन लीज पर लेने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने किया। इसे भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की वजह से अहम कदम माना जा रहा है। एमक्यू-9 ड्रोन अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स कंपनी द्वारा बनाए जाते हैं और इन्हें दुनिया के सबसे सक्षम हाई-एल्टीट्यूड, लॉन्ग-एंड्योरेंस ड्रोन सिस्टम्स में गिना जाता है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ये ड्रोन लंबे समय तक उड़ान भरने, दूर तक निगरानी करने और रियल टाइम खुफिया जानकारी देने में बेहद कारगर हैं।

भारत ने पहली बार वर्ष 2020 में दो एमक्यू-9 ड्रोन लीज पर लिए थे। बीते पांच वर्षों में इन ड्रोन ने भारतीय नौसेना और सुरक्षा एजेंसियों को समुद्री इलाकों और सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी के लिए बड़ी बढ़त दी है। अब दो और ड्रोन शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र और संवेदनशील समुद्री मार्गों में भारत की मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस ज्यादा मजबूत होने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में रक्षा सहयोग को एक प्रमुख स्तंभ बताया है। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध लगातार गहरे हो रहे हैं और उन्नत तकनीकों तथा आपसी अंतरसंक्रियता पर खास जोर दिया जा रहा है।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## छात्रों के साथ लूट व मारपीट की घटना अत्यंत चिंताजनक - शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न

**कोरबा।** अधिवक्ता धनेश सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि शहर के ढोढ़ीपारा क्षेत्र में दिनांक 27 दिसंबर को तीन छात्रों—दिलीप बिंझवार, मनीष बिंझवार एवं आशीष कुमार बिंझवार—के साथ हुई लूटपाट एवं मारपीट की घटना अत्यंत निंदनीय, अमानवीय एवं चिंताजनक है। जानकारी के अनुसार चार अज्ञात युवकों द्वारा इन छात्रों को रोककर उनके साथ मारपीट की गई, जान से मारने की धमकी दी गई तथा तीन मोबाइल फोन, नकदी एवं मोटरसाइकिल लूट ली गई।



इस घटना का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि लूट के बाद आरोपियों द्वारा एक पीड़ित को घर जाने के लिए मात्र 100 रुपये लौटाना, अपराधियों की मानसिकता और कानून के प्रति उनके भयहीन रवैये को दर्शाता है। यह किसी प्रकार की दया नहीं, बल्कि समाज और कानून का खुला उपहास है।यह घटना न केवल पीड़ित छात्रों और उनके परिजनों के लिए भय और असुरक्षा का कारण बनी है, बल्कि पूरे शहर की कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। यदि सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले छात्र और युवा ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक स्वयं को कैसे सुरक्षित महसूस करेंगे प्रशासन एवं पुलिस विभाग से मांग की जाती है कि—इस घटना में संलिप्त सभी आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाए।क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए एवं संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाए।

पीड़ितों को सुरक्षा एवं न्याय दिलाने हेतु त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।शहर की जनता में बढ़ते अपराधों को लेकर गहरी चिंता व्याप्त है। अब समय आ गया है कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त संदेश दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बहाल हुए टीआई वर्मा

**कोरबा ।** कोरबा जिले में 19 दिसंबर को साइबर सेल, उरगा एवं रजगामार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई जुआ धरपकड़ की कार्यवाही पर एक बड़ा फैसला आया हैं। जानकारी के अनुसार इस मामले में करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलवाटार में जुआ पकड़े जाने पर कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। हालांकि निलंबन से ज्यादा चर्चा जुआ पकड़े जाने की वास्तविक स्थिति और कार्यवाही की निष्पक्षता को लेकर होती रही।

लगभग 10 दिनों तक चले घटनाक्रम और आंतरिक जांच के बाद आखिरकार पुलिस अधीक्षक ने टीआई कृष्ण कुमार वर्मा का निलंबन वापस लेते हुए उन्हें बहाल कर दिया। हालांकि निलंबन अवधि और पूरे मामले से जुड़ी जांच अभी भी जारी रखी गई है।

## नवापारा के लोगों ने जमीनों की रजिस्ट्री फिर शुरू करने की मांग रखी

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा ।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना एसईसीएल दीपका द्वारा आंशिक प्रभावित ग्राम कटकीडबरी, नवापारा तहसील दीपका के भूमि बटवारा, नामांतरण, ऋण पुस्तिका, खरीदी-बिकी, ऑनलाईन रिकार्ड, दुरुस्तीकरण करने लगाये गये रोक को हटाने मांग की गई है। इस संबंध में नवापारा सरपंच ओमप्रकाश सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा आंशिक प्रभावित ग्राम कटकीडबरी, नवापारा के किसानों तथा भू-स्वामियों के भूमि बटवारा, नामांतरण, ऋण पुस्तिका, फौती दर्ज कार्य, खरीदी-बिक्री, जमीन का ऑनलाईन रिकार्ड दुरुस्तीकरण के कार्य को पूर्णत: राजस्व विभाग द्वारा रोक लगा दिया गया है। इस प्रकार की कोई कार्य किसानों का नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों को आर्थिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत नवापारा के अन्तर्गत ग्राम कटकीडबरी एवं नवापारा के कुछ ही भूमि की अधिग्रहण की प्रक्रिया हो रही है। जिसमें कटकीडबरी की भूमि 32.762 हे. एवं नवापारा की भूमि 12.930 हे. भूमि अध ग्रहित प्रक्रिया से गुजर रहा है। जो आंशिक अधिग्रहण है। किन्तु वहीं कटकीडबरी एवं नवापारा का बहुत बड़ा क्षेत्रफल बच रहा है। अधिग्रहित क्षेत्र के बाहर की भूमि में किसानों का राजस्व संबंधित दस्तावेज सुधार व अन्य कार्य को करने की छूट दिया जाए। ताकि ग्रामवासी अपनी भूमि संबंधित समस्या का निराकरण करा सकें।

सरपंच व ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि एसईसीएल दीपका द्वारा आंशिक प्रभावित ग्राम कटकीडबरी, नवापारा के भूमि को छोड़कर अधिग्रहण प्रक्रिया से बाहर की भूमि का बटवारा, नामांतरण, ऋण पुस्तिका, खरीदी-बिकी, ऑनलाईन रिकार्ड, दुरुस्तीकरण कराने में छूट प्रदाय की जाए।



## जनदर्शन में करण और मीना को मिला व्हीलचेयर

### कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए

**कोरबा** ।कलेक्टर जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता रही है। इसी क्रम में आज कलेक्टर जनदर्शन के दौरान ग्राम पोटापानी, जनपद पंचायत पाली के निवासी करण श्रीवास एवं मीना श्रीवास द्वारा व्हीलचेयर की मांग प्रस्तुत की गई।मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर के समक्ष अपनी आवश्यकता रखते ही मामले पर तत्काल संज्ञान लिया गया। समाज कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई और जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग तथा अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, सयुंक्त कलेक्टर श्री ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री तुलाराम भारद्वाज की उपस्थिति में दोनों हितग्राहियों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आमनागरिको की समस्याओं को सुना गया।

## कोरबा विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के विराट व्यक्तित्व व कृतित्व का हुआ स्मरण

**कोरबा।** भारत रत्न, छत्तीसगढ़ के निर्माता तथा युगद्रष्टा राष्ट्रनेता अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर उनके राजनीतिक, पत्रकार और कवि रूप को स्मरण करते हुए कोरबा विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन भाजपा जिला कार्यालय टी.पी.नगर, कोरबा में किया गया। यह संगोष्ठी अटल जी के विचारों, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन , भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी , महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं जिला संगठन सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला की गरिमामय उपस्थिति रही। वक्ताओं ने अटल बिहारी बाजपेयी जी के जीवन के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संवेदना और संवाद के प्रतीक थे। लखन लाल देवांगन ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी ने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।



पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण तक उनके निर्णय दूरदर्शिता और साहस के प्रतीक हैं। उन्होंने पत्रकारिता और काव्य के माध्यम से भी लोकतंत्र को सशक्त किया।भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि अटल जी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। राजनीति में शुचिता, मर्यादा और संवाद की संस्कृति को उन्होंने स्थापित किया, जो आज भी प्रासंगिक है। जिला संगठन सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया। उनके विचारों को आत्मसात कर ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उनकी कविताएं राष्ट्रप्रेम और मानवता की भावना से ओतप्रोत हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष लक्की नंदा, सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोरा, जिला मंत्री अजय दुबे, सतीश झा, अर्जुन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, डिलेन्द्र यादव, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, राकेश नागरमल अग्रवाल, डॉ. विजय राठौर, राजेश लहरे, अजय चन्द्रा, प्रदीप सिंह, नीरज ठाकुर, उदय श्रीवास्तव, उत्तम जायसवाल व सूरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।संगोष्ठी के दौरान अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन, संघर्ष, काव्य रचनाओं और राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



## बूथ को मजबूत करने हुई मंत्रणा

**दीपका ।** भाजपा मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 116 में बूथ समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी मनोज दुबे, भाजपा मंडल महामंत्री धर्म तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री गुलशन ध्रुव, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं पार्षद सुजीत सिंह, पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा दीपका मंडल मंत्री सत्यम यादव, बूथ अध्यक्ष श्रीमती मधु राठौर, रेखा प्रजापति, ज्योति गभेल, अनीता पटेल, कैवरा साहू, उषा प्रजापति, दीपमाला राठौर, इंदिरा कंवर, सपना पोथल, मालती साहू, अपर्णा शुक्ला, कौशल्या प्रजापति, सुशीला पाटले सहित बूथ के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में बूथ को और अधिक मजबूत करने तथा संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

## मनरेगा का नाम बदलना राष्टपिता महात्मा गांधी का अपमान : सांसद ज्योत्सना महंत

### कटघोरा विधानसभा के ग्राम जवाली में धरना प्रदर्शन में शामिल हुई सांसद

कोरबा। देश को आज़ादी दिलाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को किसानों व महिलाओं को कांग्रेस ने रोजगार की गारंटी दी। भाजपा ने मनरेगा का नाम बदल कर राष्ट्पिता का अपमान किया है। उक्त उदगार सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नाम पर रोजगार की गारंटी दी है लेकिन भाजपा मोदी की गारंटी चलाती है।

मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना। उनका अपमान है।

सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मनरेगा को कानून बनाया था। हमने रोजगार का हक दिया। भाजपा नाम बदल रही है,आने वाले समय मे मनरेगा को बंद भी कर सकती है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के विरोध में आज रविवार को कटघोरा के ग्राम पंचायत जवाली में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत जी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पीसीसी के सँयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, पोषक दास महंत, तनवीर अहमद, गोरेलाल यादव, दिलीप सिंह, किरण चौरसिया, तारकेश्वर मिश्रा, विशाल शुक्ला, प्रदीप अग्रवाल, सरपंच श्रीमती दिलेश कंवर, जनपद सदस्य फूलचंद कश्यप, सूरज दास मानिकपुरी, हीरालाल यादव, भुनेस्वरी दास, मुन्ना पाठक, भरत मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, रहमान खान निक्कू कुकरेजा, राकेश अग्रवाल, गुलशन जायसवाल, देवेन्द्र खरे, राजकुमार श्रीवास, कमल बेलदार, मानसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी ) की बैठक में मनरेगा नाम बदलने के विरोध में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर विरोध जताने का फैसला लिया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटीके फैसले पर त्वरित अमल करते हुए सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने रविवार को धरना देते हुए विरोध जताया।

## जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट आयोजित



**कोरबा ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्ध मेरा युवा भारत कोरबा (नेहरू युवा केंद्र संगठन) द्वारा जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनेश चंद्र यादव (उप निदेशक, मेरा युवा भारत छत्तीसगढ़) के निर्देशन में 27 एवं 28 दिसंबर को विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, सीएसईबी कोरबा परिसर में संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, गोला फेंक एवं 800 मीटर दौड़, जबकि महिला वर्ग में रस्साकसी, गोला फेंक एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लॉकों से चयनित विजेता प्रतिभागियों ने अपने-अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोड़ी ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग की रस्साकसी प्रतियोगिता में पोड़ी ब्लॉक की टीम विजेता और करतला ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। अन्य प्रतियोगिताओं में भी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## किसान-हितैषी नीतियों का प्रतिफल : साय सरकार की धान खरीदी व्यवस्था से किसानों में संतोष, खेती बनी लाभ का आधार

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले किसान वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निरंतर ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश में संचालित धान खरीदी व्यवस्था न केवल देश में सर्वाधिक समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है, बल्कि टोकन से लेकर अंतिम विक्रय और भुगतान तक किसानों को हर स्तर पर सुविधा, पारदर्शिता और सम्मान का अनुभव करा रही है।राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि किसान अपनी उपज बेचने के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा, लंबी प्रतीक्षा या अव्यवस्था का सामना न करें। इसी उद्देश्य से समिति स्तर पर टोकन व्यवस्था, मंडियों में सुव्यवस्थित प्रबंधन, सहयोगी वातावरण और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। इन प्रयासों का सकारात्मक असर अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।



कोरबा जिले के कनकी धान मंडी में ग्राम गुमिया निवासी कृषक श्री जमुना प्रसाद बियार इस सुगठित व्यवस्था के प्रत्यक्ष लाभार्थी बने। श्री बियार ने अपनी लगभग 06 से 07 एकड़ कृषि भूमि में उपजाए गए 104 क्विंटल धान का विक्रय मंडी में किया। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन समिति के माध्यम से उन्हें बिना किसी लाइन में लगे और बिना किसी परेशानी के समय पर टोकन प्राप्त हो गया, जिससे मंडी में धान विक्रय की प्रक्रिया सहजता से पूरी हुई।श्री बियार ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने 110 क्विंटल धान का विक्रय किया था और उस समय भी शासन की व्यवस्था संतोषजनक रही। सरकार द्वारा सर्वाधिक समर्थन मूल्य दिए जाने से उन्हें अपनी फसल का उचित और लाभकारी मूल्य मिलने का पूरा भरोसा है। उनके अनुसार, वर्तमान व्यवस्था ने खेती को केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य का आधार बनाया है। धान खरीदी की पारदर्शी और किसान-मैत्री व्यवस्था से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। समय पर खरीदी, स्पष्ट प्रक्रिया और सहयोगपूर्ण वातावरण ने किसानों में शासन के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ किया है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार की यह पहल स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि राज्य सरकार किसानों के श्रम का सम्मान करने, उनकी आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। धान खरीदी की यह सुव्यवस्थित प्रणाली छत्तीसगढ़ में सुशासन, पारदर्शिता और किसान कल्याण की मजबूत नींव को दर्शाती है।

## जनपद उपाध्यक्ष के निवास पहुंचे मिर्जा

**करतला।** छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्जा का करतला जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज झा के निवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा द्वारा श्रीफल, साल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया।सौजन्य मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों, चर्म शिल्पकार समाज के कल्याण, रोजगार सृजन तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## कैबिनेट मंत्री लखनने किया एसएस प्लाजा में घटनास्थल का निरीक्षण

### अग्निकांड से प्रभावित व्यापारियों से करी मुलाकात



**कोरबा ।** कोरबा शहर के व्यावसायिक परिसर एस.एस. प्लाजा में स्थित बालाजी स्टील एवं पदमिनी ज्वेलर्स में हुई भीषण आगजनी की घटना पश्चात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आग से प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और नुकसान का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन/प्रशासन पीड़ितों के साथ खड़ा है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन एवं नगर निगम कोरबा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए अग्नि सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जाए।

उन्होंने आगे कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और उनके व्यवसाय की निरंतरता शासन की प्राथमिकता है। आगजनी की घटना से हुए नुकसान का आंकलन कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के अध्यक्ष गोपाल मोदी, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, परविंदर सिंह, पार्षद ईश्वर पटेल सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## बेहतर मौसम और सुव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था से खुश किसान : किसन बंजारे ने बेचा 145 क्विंटल धान

**कोरबा ।** कोरबा ब्लॉक के ग्राम करुमौहा निवासी किसान किसन बंजारे के चेहरे पर आज संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रही थी।



उन्होंने धान उपार्जन केंद्र नकटीखार में 145 क्विंटल धान बेचा। लगभग 8 एकड़ भूमि में खेती करने वाले किसन बंजारे ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने 150 क्विंटल धान बेचा था। किसन बंजारे के अनुसार, इस वर्ष समय पर हुई बारिश से उनकी खेती बेहतर रही और जितना धान बोया था, लगभग उतनी ही मात्रा में फसल प्राप्त हुई।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के लिए लगातार राहत और सहयोग दिया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था, पारदर्शी प्रक्रिया और समय पर खरीदी होने से किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही।

किसानों को बस टोकन लेकर निर्धारित दिन पहुँचने की आवश्यकता है। केंद्र में बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी सुनिश्चित की गई हैं। सरकार की सुव्यवस्थित धान खरीदी व्यवस्था और बेहतर मौसम ने किसान किसन बंजारे के चेहरे पर मुस्कान ला दी है।





## एकलशिक्षकीय व्यवस्था से मिली मुक्ति - झुनकीडीह के विद्यार्थियों की चमकी किस्मत

**कोरबा ।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला झुनकीडीह वर्षों से एकलशिक्षकीय व्यवस्था के कारण जूझ रही थी। दूरदराज क्षेत्रों से विद्यालय में पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों को एक ही शिक्षक के कारण पढ़ाई में व्यवधान का सामना करना पड़ता था। कक्षाओं का नियमित संचालन प्रभावित होता था, जिससे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर असर पड़ रहा था।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करते हुए उन विद्यालयों में पदस्थापना की गई, जहाँ शिक्षकों की कमी थी। इसी पहल का सकारात्मक प्रभाव ग्राम झुनकीडीह के बच्चों की सीखने की यात्रा पर देखने को मिला। यहाँ सहायक शिक्षक के रूप में श्री देवेंद्र कुमार का पदस्थ होना विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीद लेकर आया।

श्री देवेंद्र कुमार के आगमन के बाद अब विद्यालय में कोई भी कक्षा पढ़ाई से वंचित नहीं रह जाती। पूर्व में जिन कक्षाओं में शिक्षक के अभाव में पढ़ाई बाधित हो जाती थी, वहाँ अब नियमित शिक्षण-सत्र संचालित हो रहे हैं।कक्षा पाँचवीं की छात्राएँ स्वाति, पूनम, सावित्री और रामसिंह तथा कक्षा चौथी के विद्यार्थी अष्टमी, निशक और कैलाश बताते हैं कि 'नए गुरुजी के आने के बाद लगातार पढ़ाई होती है, अब किसी तरह से कक्षाएं बाधित नहीं होतीं।' बच्चों में पढ़ाई को लेकर उत्साह बढ़ा है और विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और भी सक्रिय हुआ है।झुनकीडीह विद्यालय का यह परिवर्तन स्कूल शिक्षा विभाग की युक्तियुक्तकरण पहल की एक सफलता की कहानी है, जिसने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के भविष्य को नई दिशा दी है।

## डॉ. अर्पण विश्वास पर हुआ जानलेवा हमला-आईएमए में आक्रोश व्याप्त

**कोरबा ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कोरबा ने एनसीएच में पदस्थ चिकित्सक डॉ. अर्पण विश्वास पर हुए जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। स्वास्थ्य शिविर से लौटते समय डॉक्टर पर की गई मारपीट की घटना को आईएमए ने न केवल कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताया है, बल्कि इसे चिकित्सा सेवा, मानवता और समाज की मूल भावना पर सीधा प्रहार बताया है। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. एस. चंदानी एवं सचिव डॉ. अजय स्वर्णकार ने संयुक्त बयान में कहा कि डॉक्टर समाज की सेवा निस्वार्थ भाव से करते हैं। वे आपातकालीन परिस्थितियों में, सीमित संसाधनों के बावजूद, दिन-रात मरीजों की जान बचाने के लिए तत्पर रहते हैं। ऐसे सेवा-भाव से कार्य करने वाले डॉक्टरों पर हमला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, शर्मनाक और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पर हुआ यह हमला केवल एक व्यक्ति विशेष पर नहीं, बल्कि पूरे चिकित्सा समुदाय, स्वास्थ्य व्यवस्था और समाज के विश्वास पर हमला है। यदि स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सक ही असुरक्षित महसूस करेंगे, तो इसका सीधा असर आम जनता की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा।

आईएमए ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि डॉक्टरों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस घटना में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध तत्काल, निष्पक्ष और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए

## कांग्रेस जमीनी स्तर पर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही- महंत

**सक्ती।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर सक्ती जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ग्राम झरना में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ. चरणदास महंत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का 140 वर्षों से अधिक का गौरवशाली इतिहास भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के संघर्ष का प्रतीक है। कांग्रेस ने हमेशा आम जनता, किसान, मजदूर और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की है।

जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती की अध्यक्ष रश्मि गबेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को जोड़ने का कार्य करती है।

# गिरदावरी में लापरवाही, किसानों ने दी विरोध की चेतावनी

**मालखरौदा।** गिरदावरी और भौतिक सत्यापन में स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। गबेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष लालू गबेल के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को एसडीएम रूपेंद्र पटेल को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि अमले ने 5 एकड़ तक की पूरी धान की फसल को %अन्य फसल% के रूप में दर्ज कर दिया है, जिससे वे धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। छोटे किसानों का रकबा भी पोर्टल पर कम दिखाया गया है। पीड़ितों ने बताया कि शिकायत करने पर अधिकारी दुर्व्यवहार करते हैं और इसे फर्जी समस्या करार देते हैं।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर त्रुटि का त्वरित निराकरण नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। एसडीएम ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस दौरान भरत राकेश,



राधेश्याम चंद्रा, कुश कुमार वर्मा, लव कुमार गबेल, उमाशंकर चंद्रा, अरुण प्रकाश वर्मा, जीवन गबेल, प्रकाश गबेल, ललित चंद्रा, दादू चंद्रा, गेंद लाल गवेल, संतोष ननकी दाऊ गबेल, धनंजय वर्मा, तुलेश्वर साहू, रेशम लाल चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## सकरेलीखुर्द में अवैध शराब पर कार्रवाई

**सक्ती।** जिला आबकारी विभाग ने वार्ड नंबर 10, सकरेलीखुर्द थाना नगरदा में दिलेश कुमार, पुत्र रेश्म लाल भारद्वाज के घर पर कार्रवाई की। मुखबिर सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल ने पहले छद्म खरीददार के माध्यम से महुआ शराब की खरीद कराई। बिक्री की पुष्टि होने पर आरोपी के घर से छिपाकर रखी गई तीन प्लास्टिक बोतलों में भरी कुल 6 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 34(2) और 59 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके अलावा आबकारी वृत्त सक्ती की टीम ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।




## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की मांग एवं समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टरने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएँ एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए है।जनदर्शन में तहसील पामगढ़ के ग्राम मेऊ निवासी श्रीमती धनेश्वरी यादव द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाने, तहसील मुख्यालय जांजगीर निवासी संजय गोपाल द्वारा राजस्व प्रकरण की नकल दिलाने, ग्राम खैरा निवासी श्रीमती भूरीबाई द्वारा अपने भूमि की फौती व नामांतरण करवाने, तहसील बलौदा के ग्राम जर्वे ब के निवासी श्रीमती दिलबाई द्वारा सीमांकन करवाने, तहसील बम्हनीडीह के ग्राम बोरसी निवासी लोचन खुटे ने श्रम पंजीयन में जन्मतिथि की त्रुटि सुधार करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री महोबे ने प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## डॉ.बोधीराम साहू वेद श्री सम्मान से सम्मानित

**जांजगीर।** वेदांत पब्लिकेशन छत्तीसगढ़ द्वारा काव्य संकलन वेदांश राष्ट्रीय साझा संकलन में उत्कृष्ट सृजन एवं रचनात्मक योगदान,




शिक्षा,साहित्य,समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य व प्रतिभा पर डॉ.बोधी राम साहू को वेद श्री सम्मान 2025 से सम्मान पत्र,राष्ट्रीय साझा काव्य संग्रह देकर सम्मानित किया गया है।यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा,समाज सेवा की भावना,साहित्य सृजन, कला संस्कृति संवर्धन,शिक्षा प्रदेयो,महनीय शोध कार्य,सुदीर्घ हिंदी सेवा,राष्ट्र परिवार,साहित्य और समाज के प्रति समर्पण,प्रेरक व्यक्तित्व पर प्रदान किया गया है।ज्ञात हो कि ये इसके अलावा राज्य,राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 304 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है।इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन आस,डा.राघवेंद्र राठौर,बसंत चतुर्वेदी,प्रमोद आदित्य,सत्येंद्र सिंह,विजय प्रधान, जे. सी. साहू,दिलीप साहू, केशव साहू,रामरतन साहू सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# खधौरा हाट बाजार में आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने निर्देश व मार्गदर्शन में खदौरा हाट बाजार, जिला कोरिया में आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों तक आयुष सेवाओं का विस्तार करना, परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मौसम अनुरूप आहार-विहार की जानकारी देना था। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलविना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि बदलते जीवनशैली, खानपान और अनियमित दिनचर्या की वजह से अनेक बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से भी बीमारी होते हैं। ऐसे समय में होने वाले बीमारियों के बचाव के उपाय के बारे में आम लोगों को जानकारी दी जाती है और जांच, उपचार तथा नि:शुल्क दवाई वितरण भी की जाती है। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास के लिए भी आम लोगों को प्रेरित करते हैं।

उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास करें साथ दैनिक दिनचर्या को सुधार करें। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच, जागरूकता कार्यक्रम एवं नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। इसमें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से 87 तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति से 52 मरीजों का उपचार किया गया। इस प्रकार कुल 139 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा दूरस्थ ग्राम इन्द्रपुर में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 49 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया।

आयुष विभाग के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है और लोगों में आयुष चिकित्सा के प्रति जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम में डॉ. आर. एस. यादव (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी), डॉ. नाजिया अंसारी (यूनानी चिकित्सा अधिकारी), डॉ. सौरभ सिंह (आयुष चिकित्सक) एवं रामरती (आर.एच.ओ.), फार्मासिस्ट रोहित भार्या, प्रशांत सिंह एवं श्रवण (वार्ड बॉय) का सक्रिय योगदान रहा।

## देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने 5 एवं हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले दो आरोपियों को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है इस संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम तरौद वार्ड क्रमांक 20 में संजू दांडेकर उम्र 37 वर्ष, निवासी लीमाही, थाना पलारी, जिला बलौदाबाजार एवं मोती सिंह उम्र 39 वर्ष निवासी किरारी, थाना अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा लोगों को हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बना रहे थे तथा हिंदू देवी -देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कर रहे थे। दोनों व्यक्तियों के उक्त कृत्य से हिंदू समाज के

लोगों की धार्मिक भावनाएँ आहत हुईं जिसकी सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 661/25 दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 299 भारतीय न्याय संहिता एवं छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की धारा 03 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार न्यायालय पेश किया गया।

# जिला अधिवक्ता संघ के नरेश शर्मा बने पांचवीं बार अध्यक्ष

### सनत पटेल उपाध्यक्ष व सूरज गोस्वामी सचिव निवाचित



**जांजगीर-चांपा।** जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव गहमा-गहमी के बीच संपन्न हुआ। मतदान के पश्चात मतों की गणना देर शाम संपन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नरेश शर्मा विजयी हुए। खास बात यह है कि शर्मा पांचवीं बार जिला अधिवक्ता संघके अध्यक्ष निर्वाचित हुए है।

सोमवार 29 दिसंबर को जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के चुनाव को लेकर सुबह से गहमा गहमी का माहौल रहा। निर्धारित समय पर उपस्थित अधिवक्ता संघ के चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान कुल 583 मतदाताओं में से 519 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें नरेश शर्मा 363 मत प्राप्त करके अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके प्रतिद्वंदी राजेश पांडेय को 113 और राम गोपाल चौरसिया को 40 मत मिले। इसी प्रकार उपाध्यक्ष महिला में विद्या राठौर विजयी हुई। उन्हें 364 मत मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी सुमन को 146 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पुरुष में सनत पटेल 286 मत प्राप्त कर विजयी हुए। सचिव पद पर सूरज गोस्वामी 224 मत पाकर वजय हुए। इसी तरह सहसचिव में शिवनारायण यादव विजय हुए, उन्हें 320 मत मिले। कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू निर्वाचित हुए। ग्रंथालय सचिव तिलकराम कहरा तथा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर आनंद राठौर निर्विरोध बने। कार्यकारिणी सदस्यों में गणेश शर्मा, कुंवर कश्यप, किरण यादव, योगेश राणा, लंकेश्वर प्रसाद, सीमा कहरा बने। पूरी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी ललित सिंह, ईश्वर तिवारी, उमेश राठौर,और उनके सहयोगियों द्वारा संपन्न कराई गई।

अधिवक्ताओं का यह चुनाव आम चुनाव से काम नहीं था क्योंकि कल प्रात:से ही अधिवक्ता संघ के प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के लिए गेट पर कतरवध थे । कुछ दिन पहले यही अधिवक्ता अपने अन्य अधिवक्ता साथियों से सीधे मुंह बात नहीं करते थे वे चुनाव लड़ने पर अधिवक्ता मतदाताओं से ऐसे विनम्र होकर वोट मांग रहे थे कि मानो उनसे बड़ा हितैषी दूसरा कोई नहीं है। जो बार-बार मतदाताओं को जीतने की अपील करते रहे हैं।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा बैठक मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत निरीक्षण के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर महोबे ने कलेक्टोरट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं समय सीमा के लंबित प्रकारणों एवं कार्यों की समीक्षा की। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था, शिक्षा विभाग की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति तथा प्रशासनिक सुधारों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हए कलेक्टर ने आगामी परीक्षाओं की तैयारी, आपार आईडी में शेष पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने तथा प्रत्येक विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनर नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर के माध्यम से विकासखंड स्तर पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित हों। शासन की शिक्षा संबंधी योजनाओं का जिला सहित विकासखंड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी हेतु नियमित टेस्ट पेपर एवं अभ्यास परीक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सभी संबंधित अधिकारियों को निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।



कलेक्टर ने आगामी रबी फसल को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद-बीज विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण विभागों को निर्देशित किया गया कि जिले में प्रस्तावित निर्माण कार्य एवं प्रगतिरत कार्यों की एंट्री अनिवार्य रूप से जांजगीर-चांपा निर्माण पोर्टल में की जाए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने सभी विभागों को ई-ऑफिस प्रणाली एवं आधार इनेबल बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी खरीदी केंद्रों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही धान की तौल की जाए। टोकन व्यवस्था एवं रकबा समर्पण की नियमित और कड़ी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखी जाए, ताकि किसानों के हितों की पूर्ण सुरक्षा हो सके।

बैठक में कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना के संचालन में किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत पोर्टल से प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता के साथ समय सीमा करना सुनिश्चित करें। बैठक में डीएफओ श्री हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाज के 71 होनहार बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मान किया

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ अघरिया समाज शिक्षा प्रोत्साहन समिति द्वारा कापन स्थित अघरिया समाज भवन में शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम के द्वितीय वर्ष का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम दिनांक 28 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ, जिसमें समाज के लगभग 71 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह कश्यप, मुख्य महाप्रबंधक (सेवानिवृत्त) एसईसीएल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में बी.के. नायक, संयुक्त संचालक, खनिज साधन विभाग रायपुर तथा लक्ष्मी नारायण पटेल, उप संचालक, आर्थिक अपराध एवं अन्वेषण ब्यूरो उपस्थित रहे। विस्तार से प्रकाश डाला।



## जनपद पंचायत अकलतरा में 46.58 करोड़ का मनरेगा लेबर बजट का अनुमोदन

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत अकलतरा के सभी ग्राम पंचायत में लेबर बजट को लेकर ग्राम सभा की एक व्यापक एवं महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन विगत दिनों किया गया। जिसमें ग्राम सभा के ग्राम सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य ग्राम के समग्र एवं सतत विकास को ध्यान में रखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना पर विचार-विमर्श कर अकलतरा की सभी ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास होने के उपरांत जनपद पंचायत अकलतरा से 46.58 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

कलेक्टरजन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। बैठक में पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों को ग्रामसभा के समक्ष रखा गया। जल संरक्षण संवर्धन सहित कुआं, आजीविका के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही। इनमें डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय निर्माण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली गोदाम निर्माण, पशुपालन हेतु पक्का प्लेटफॉर्म एवं शेड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहे। ग्राम सभा में इन कार्यों की आवश्यकता, उपयोगिता एवं ग्राम के दीर्घकालीन विकास में इनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम सदस्यों द्वारा व्यक्त किया गया कि प्रस्तावित कार्यों से न केवल ग्राम में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, बल्कि मनरेगा के माध्यम से स्थानीय श्रमिकों को रोजगार के पर्याप्त अवसर भी प्राप्त होंगे। जल संरक्षण से संबंधित कार्यों से कृषि एवं पशुपालन को मजबूती मिलेगी। स्वच्छता एवं जीवन स्तर में सुधार होगा। विस्तृत चर्चा एवं सहमति के पश्चात ग्राम सभा द्वारा सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तावों का विधिवत वाचन किया गया तथा कार्यवाही पंजी में दर्ज किया गया। ग्राम सभा की यह बैठक पंचायत स्तर पर लोकतांत्रिक सहभागिता, पारदर्शिता एवं योजनाबद्ध विकास का सशक्त उदाहरण बनी। इस अवसर पर ग्रामवासी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन

**रिगनी-खरौद।** ग्राम पंचायत बेल्हा में रविवार को गुरुघासीदास जयंती समारोह श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंगल भजन, पंथी नृत्य और कविगण प्रवचन का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता हेमप्रसाद भारद्वाज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक इंदु बंजारे और विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र कौशिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नरेन्द्र कौशिक ने कहा कि बाबा गुरुघासीदास का संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा और मानवता पर आधारित रहा है। उनके विचार आज भी समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नरेन्द्र कश्यप, श्रवण साहू और संतोष खुंटे मौजूद रहे। वहीं पंचायत के पंच भूखीन बाई, हरिराम मनहर, हरिप्रसाद खुंटे, सावित्री बाई काटले, सोनाबाई कश्यप, बंशी बाई, फिरतराम, पुनीबाई और गंगोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 61 लाख रूपए से अधिक के गांजा, सिरप, टेबलेट एवं अन्य नशीले पदार्थ को किया गया नष्ट

**जांजगीर चाम्पा।** 61 लाख रुपए से अधिक का अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीली सिरप एवं टेबलेट को पीआईएल कोटाडबरी चांपा के प्लांट (भट्ठी) में जलाकर नस्टीकरण किया गया। गांजा एवं नशीली सिरप,टेबलेट को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र से किया गया था जप्त, जिसका प्रकरण का निराकरण हो जाने से जलाकर किया गया नस्टीकरण।

जिला पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल - समिति जांजगीर चाम्पा के साथ मिलकर आज दिनांक 29.12.25 को प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड चाम्पा के (भट्ठी) फरनेस में जिले के विभिन्न थाना /चौकी अंतर्गत जप्तशुदा 115किलो 452 ग्राम गांजा कीमती 57,50,000/,35833 नग टेबलेट कीमती 340000/ ? एवं 616 नग सिरप कीमती 47608/ को विधिवत नस्ट किया गया है।

नस्टीकरण की कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप श्रीमती नीलिमा डीग्रस्कर सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी जांजगीर-चाम्पा, डॉ खेमचंद साहू (जुनियर वैज्ञानिक) पर्यावरण संरक्षण अधिकारी बिलासपुर, प्रदीप जोशी रक्षित निरीक्षक, प्रधान आरक्षक देवनारायण रत्नाकर, जगदीश्वर प्रसाद, श्याम सुंदर जांगडे जिला अपराध शाखा जांजगीर - चाम्पा, प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेज लिमिटेड चाम्पा के प्रबंधक सहित अन्य स्टाप उपस्थित रहें।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर**
**जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/तह/मा./जन्म-मृत्यु/2025

जांजगीर, दिनांक 19/12 /2025-26
रा.प्र.क्र.- ब-121/2025-26
ग्राम- मेहंदा

**मृत्यु प्रमाण पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम मेहंदा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनहरण पिता समे साहू साकिन ग्राम मेहंदा तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं--- ग्राम मेहंदा में अपने/अपनी समे साहू के मृत्यु दिनांक 21.12.2013 को होने मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 31.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के पक्ष में मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 19.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जांजगीर**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई.प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार सरल क्र.01 हेतु दिनांक 05.01.2026 एवं सरल क्र. 02 हेतु 07.01.2026 एवं सरल क्र. 03 से 06 हेतु 13.01.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र/दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 451 | जिला कोरबा के वि.खं. पोड़ी उपरोड़ा में मड़वाढोड़ा (पचरा) से मातिन मार्ग का नवीनीकरण लं. 4.00 कि.मी. कोरबा जिले की महत्वपूर्ण सड़कों में रंबल स्ट्रीप्स, रेडियम पट्टी एवं क्रेश बेरियर्स कार्य एवं कटघोरा अम्बिकापुर मार्ग में चिंहित दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में रंबल, स्ट्रीप्स, रेडियम पट्टी एवं संकेतक बोर्ड एवं क्रेश बेरियर्स कार्य। **तृतीय आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या - 8443 जमा मद** | 130.24 |
| 2 | 452 | जिला मुंगेली के अंतर्गत राज्य मार्गों पर जंक्शन सुधार का कार्य एवं आई.आर.सी. के प्रावधानुसार क्रेश बेरियर लगाने का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग, मुंगेली। मद संख्या-24-5054-6485** | 87.73 |
| 3 | 453 | नवीन थाना भवन लोरमी का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग, मुंगेली। मद संख्या-67-2059-3383** | 16.64 |
| 4 | 454 | गुड़ी पोड़ी करमा मार्ग लंबाई 10.10 कि.मी. में रोड फर्नीचर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग,क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या 64-5054-9002** | 20.11 |
| 5 | 455 | कोथारी सोहागपुर उमरेली मार्ग 4/2 में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण एवं 4/6 में सड़क उन्नयन कार्य, मड़वारानी लबेद मार्ग 1/8, 2/4, 2/8, 2/10, 3/6 जी.एस.बी., डब्ल्यू.एम.एम., बी.टी. एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग कोरबा। मद संख्या-24-5054-4090** | 110.00 |
| 6 | 456 | जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के पेण्ड्रारोड अमरकंटक मार्ग के कि.मी. 3/2 से 21/8=18.80 कि.मी. पुल पुलिया निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग, पेण्ड्रा। मद संख्या-42-5054-3539** | 21.65 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तुत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते हैं।

**अधीक्षण अभियंता**
जी-252605719/9 **लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

## अनमोल वचन......

असफल होने के दो निश्चित तरीके हैं, सोचना और कभी न करना या करना और कभी न सोचना

# वक्त आत्म-निरीक्षण का

मेसी की झलक- उनका खेल नहीं- दिखाने का जो तमाशा हुआ, वह अजीबोगरीब ही है। इसीलिए अभिनव बिंद्रा की इस सलाह पर सबको ध्यान देना चाहिए कि 'मेसी का जयगान कर लेने के बाद अब वक्त आत्म-निरीक्षण का है। अभिनव बिंद्रा ने वह कहा, जो आखिरकार किसी को कहना चाहिए था। विनेश फोगट ने उसमें अपना स्वर जोड़ा, तो उससे वो बात और वजनदार हुई है। लायोनेल मेसी बेशक फुटबॉल के सर्वकालीन सबसे महान खिलाड़ियों में एक हैं। उनकी उपलब्धियां बेशुमार हैं। इस कारण उनके प्रशंसक भारत सहित दुनिया भर में मौजूद हैं। अतः लोग मेसी को देखना चाहें, तो उसमें कुछ अजूबा नहीं है। लेकिन जब लोगों की इस इच्छा का भौंडा कारोबारी इस्तेमाल हो, तो उस पर सवाल उठाना जरूरी हो जाता है।

तो ओलिंपिक्स में भारत के पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता ने पूछा है कि क्या एक समाज के तौर पर हम खेल संस्कृति बना रहे हैं, या किंवदंती बन चुकी दूर देश की किसी शख्सियत का उत्सव भर मना रहे हैं। उनकी ये टिप्पणी गौरतलब हैः 'करोड़ों रुपये मेसी के पास जाने और उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए खर्च कर दिए गए। यह बिल्कुल ठीक बात है कि पैसा लोगों का है और यह उनका अधिकार है कि वे इसे कैसे खर्च करें। फिर भी मैं यह सोच कर तकलीफ महसूस करता हूं कि जितनी ऊर्जा एवं धन लगाए गए, उसका एक हिस्सा भी अगर अपने देश में खेल की बुनियाद में लगाया गया होता, तो उससे क्या हासिल हो सकता था।'

ओलिंपियन विनेश फोगट ने कहा है- 'मैं उम्मीद करती हूं कि कोई वक्त आएगा, जब हम सिर्फ एक दिन के लिए नहीं, बल्कि हर दिन के लिए सचमुच खेल के लिए जाग सकेंगे।' इन टिप्पणियों में एक बेमकसद तमाशे को देख कर दो ऐसे खिलाड़ियों का दर्द झलका है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन किया है। जिस देश में खिलाड़ियों के आगे बढ़ने की राह में खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर और संसाधनों की कमी से लेकर यौन शोषण के खतरों तक की बाधाएं आती हों, वहां एक मशहूर विदेशी खिलाड़ी की झलक- उनका खेल नहीं- दिखाने का जो तमाशा हुआ, उस पर आक्रोश ही जताया जा सकता है। इसीलिए बिंद्रा की इस सलाह पर सबको ध्यान देना चाहिए कि 'मेसी का जयगान कर लेने के बाद अब वक्त आत्म-निरीक्षण का है'।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से आय बना रहेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा।

वृष राशिःआज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जाएगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी।

मिथुन राशिः आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवारजनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए पॉज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज किसी उलझन से आपको छुटकारा मिलेगा, दोस्त आपको बेहतर सलाह देंगे। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

कन्या राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे।

तुला राशिःआज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की [ ालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर पूरा करने की जरूरत है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की [ ालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान दें। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेगी।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला सकते हैं।

मकर राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से रिश्ते बेहतर रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे आर्डर मिल सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें।

# युद्ध, संघर्ष, सत्ता परिवर्तन, तख्तापलट और अस्थिरता से साल भर जूझती रही दुनिया

**साल 2025 की शुरुआत ही एक बड़े झटके के साथ हुई, जब डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में दोबारा कार्यभार संभाला। उनकी वापसी केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा। साल 2025 वैश्विक राजनीति के इतिहास में एक ऐसे वर्ष के रूप में दर्ज हुआ, जिसने यह साफ कर दिया कि दुनिया अब स्थिरता की ओर नहीं, बल्कि अस्थिरता, टकराव और सत्ता संघर्ष की ओर तेज़ी से बढ़ रही है। यह साल लोकतंत्र और तानाशाही, शांति और युद्ध, संवाद और टकराव के बीच की रेखाओं को और धुंधला कर गया। कहीं चुनावों के जरिए सरकारें बदलीं, कहीं बंदूकों की नली से सत्ता हथियाई गई, तो कहीं युद्ध और सीमित संघर्षों ने मानवता को एक बार फिर कठघरे में खड़ा कर दिया।**



2025 की शुरुआत ही एक बड़े झटके के साथ हुई, जब डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में दोबारा कार्यभार संभाला। उनकी वापसी केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा। ट्रंप का दूसरा कार्यकाल पहले से कहीं अधिक आक्रामक, राष्ट्रवादी और टकरावपूर्ण नजर आया। उनकी नीतियों ने वैश्विक व्यापार, सुरक्षा गठबंधनों और कूटनीतिक संतुलन को झकझोर दिया। अमेरिका की विदेश नीति फिर से अमेरिका फर्स्ट की राह पर लौटती दिखी, जिससे यूरोप से लेकर एशिया तक सहयोगी देशों में असहजता बढ़ी। ट्रंप की शैली ने मित्र देशों को भी यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या अमेरिका अब भरोसेमंद साझेदार रह गया है।इसके अलावा, 2025 में कई देशों में नई सरकारों का गठन हुआ। कुछ देशों में यह सत्ता परिवर्तन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का परिणाम था, तो कुछ जगहों पर राजनीतिक अस्थिरता की देन। अफ्रीका, यूरोप और प्रशांत क्षेत्र के कई छोटे-बड़े देशों में चुनावों के बाद नए नेतृत्व सामने आए। इन सत्ता परिवर्तनों ने यह दिखाया कि लोकतंत्र अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट हुआ कि लोकतांत्रिक संस्थाएं दबाव में हैं। कई देशों में कमजोर जनादेश, बिखरी संसद और अस्थिर गठबंधन सरकारों ने शासन को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

हम आपको बता दें कि जहाँ कुछ देशों ने चुनावों का रास्ता चुना, वहीं 2025 तख्तापलटों का भी गवाह बना। अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सेना ने लोकतांत्रिक सरकारों को हटाकर सत्ता अपने हाथ में ले ली। सत्ता परिवर्तन की यह प्रवृत्ति खासतौर पर उन क्षेत्रों में दिखी, जहाँ पहले से ही राजनीतिक अस्थिरता, गरीबी और आतंकवाद मौजूद था। सेना द्वारा कई देशों में सत्ता पर कब्जा यह संकेत देता है कि कई देशों में लोकतंत्र अभी भी जड़ें नहीं जमा पाया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चेतावनियों और प्रतिबंधों के बावजूद तख्तापलटों का सिलसिला यह सवाल खड़ा करता है कि क्या वैश्विक व्यवस्था वास्तव में लोकतंत्र की रक्षा करने में सक्षम है? इसके अलावा, साल 2025 में दक्षिण एशिया की उथल-पुथल की कहानी में नेपाल एक अहम उदाहरण बनकर सामने आया, जहाँ सत्ता परिवर्तन की पटकथा किसी राजनीतिक दल ने नहीं, बल्कि जेन-जी आंदोलन ने लिखी। बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और अवसरों की कमी से त्रस्त युवा पीढ़ी ने सड़कों पर उतरकर पारंपरिक राजनीति को सीधी चुनौती दी। सोशल मीडिया से शुरू हुआ यह आंदोलन देखते-ही-देखते जनआक्रोश में बदल गया, जिसने सरकार की नींव हिला दी। प्रदर्शन इतने व्यापक और उग्र हुए कि सत्ता प्रतिष्ठान को झुकना पड़ा और अंततः सरकार गिर गई। नेपाल का यह घटनाक्रम इस बात का संकेत बना कि अब सत्ता परिवर्तन केवल संसद या बंदूक से नहीं, बल्कि डिजिटल पीढ़ी की संगठित आवाज़ से भी संभव है। यह आंदोलन केवल सरकार विरोधी नहीं था, बल्कि दशकों से जमी हुई राजनीतिक जड़ता और वंशवादी राजनीति के खिलाफ खुला विद्रोह था, जिसने पूरे क्षेत्र को यह चेतावनी दी कि युवा पीढ़ी को नजरअंदाज करना अब सत्ता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। इसके अलावा, साल 2025 को यदि किसी एक शब्द में समेटा जाए तो वह शब्द है संघर्ष। यह वर्ष दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सुलगती सीमाओं, टूटते समझौतों और बढ़ते सैन्य टकरावों का गवाह बना। दक्षिण एशिया से लेकर मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया तक, शांति केवल काग़ज़ों में सिमट कर रह गई। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव और तनाव पूरे साल बना रहा। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया कि दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच कितनी नाजुक स्थिति है। वहीं पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा संघर्ष ने क्षेत्रीय अस्थिरता को और गहरा किया, जहाँ आतंकवाद, शरणार्थी संकट और सैन्य झड़पें एक-दूसरे में घुलती रहीं। साथ ही दक्षिण-पूर्व एशिया में दुनिया ने एक अप्रत्याशित मोर्चा खुलते देखा, जब थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमित युद्ध छिड़ गया। यह संघर्ष इस बात का संकेत था कि क्षेत्रीय विवाद, जो वर्षों से दबे हुए थे, अब खुलकर हिंसक रूप लेने लगे हैं। वहीं मध्य-पूर्व में इज़राइल और हमास के बीच संघर्ष ने भयावह मानवीय संकट को जन्म दिया। गाज़ा पट्टी युद्धभूमि में तब्दील होती रही, जहाँ हवाई हमले, रॉकेट फायरिंग और ज़मीनी कार्रवाई ने हज़ारों निर्दोष लोगों की जान ली।

यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक राजनीति और कूटनीति को भी गहरे स्तर पर प्रभावित करता रहा। इसके अलावा, मध्य-पूर्व में तनाव और गहरा हुआ। ईरान और इज़राइल के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया। मिसाइल हमले, हवाई हमले और सैन्य चेतावनियों ने यह साफ कर दिया कि एक चिंगारी पूरे क्षेत्र को आग में झोंक सकती है। इसके अलावा, यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध 2025 में भी थमता नजर नहीं आया। यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यूरोप की सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ा। साथ ही अफ्रीका के सैहेल क्षेत्र में चरमपंथी हिंसा और गृहयुद्ध जैसी स्थितियां बनी रहीं, जहाँ आम नागरिक सबसे बड़े शिकार बने। इसी तरह बांग्लादेश में आंतरिक राजनीतिक संघर्ष और हिंसा ने यह दिखा दिया कि लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर पनपने वाले टकराव भी किस तरह देश को अस्थिर कर सकते हैं। विरोध-प्रदर्शन, राजनीतिक टकराव और अल्पसंख्यकों के साथ बर्बरता ने सामाजिक ताने-बाने को कमजोर किया। देखा जाये तो इन सभी संघर्षों ने 2025 में यह साफ कर दिया कि दुनिया किसी एक महायुद्ध की ओर नहीं, बल्कि एक साथ कई छोटे-छोटे युद्धों और स्थायी अस्थिरता की ओर बढ़ रही है। यह वह दौर है जहाँ सीमाएं बारूद बन चुकी हैं और शांति सिर्फ भाषणों तक सिमट गई है। इसके अलावा, जहाँ दुनिया संघर्ष और अस्थिरता से जूझ रही थी, वहीं डोनाल्ड ट्रंप 2025 के सबसे चर्चित नेताओं में से एक बने रहे। हालांकि उनकी लोकप्रियता सर्वसम्मत नहीं थी। एक ओर उनके समर्थक उन्हें मजबूत, निर्णायक और राष्ट्रवादी नेता मानते रहे, वहीं दूसरी ओर आलोचक उन्हें विभाजनकारी और संस्थाओं को कमजोर करने वाला नेता बताते रहे। ट्रंप की लोकप्रियता दरअसल इस बात का प्रतीक बनी कि दुनिया भर में राजनीति अब सहमति नहीं, बल्कि ध्रुवीकरण से चल रही है। बहरहाल, 2025 ने यह साफ कर दिया कि दुनिया अब पुराने संतुलन की ओर नहीं लौटने वाली। सत्ता परिवर्तन, तख्तापलट, युद्ध और वैचारिक टकराव आने वाले वर्षों की भूमिका लिख चुके हैं। यह साल इस सच्चाई का आईना बन गया कि शांति अब अपवाद बनती जा रही है और संघर्ष नई सामान्य स्थिति। यदि वैश्विक नेतृत्व ने समय रहते संवाद, कूटनीति और सहयोग का रास्ता नहीं चुना, तो 2025 आने वाले बड़े संकटों की शुरुआत साबित होगा।

# अहंकार की राजनीति और लचर नेतृत्व ने इंडिया गठबंधन को 2025 में बिखेर कर रख दिया

//नीरज कुमार दुबे//

**महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के दौरान कांग्रेस ने एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। यह फैसला उस समय और भी चौंकाने वाला था, जब भाजपा के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की बात बार-बार दोहराई जा रही थी। साल 2025 भारतीय राजनीति में विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए आंतरिक टकराव, रणनीतिक भ्रम और नेतृत्व संकट का वर्ष बनकर उभरा। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद जिस गठबंधन से यह अपेक्षा की जा रही थी कि वह एक सशक्त, वैकल्पिक राजनीतिक धारा के रूप में उभरेगा, वही 2025 में अपनी ही कमजोरियों से जूझता नजर आया। यह वर्ष विपक्ष के लिए न तो संगठनात्मक मजबूती लेकर आया, न ही वैचारिक स्पष्टता।**



सबसे बड़ा और प्रतीकात्मक तथ्य यह रहा कि पूरे 2025 में इंडिया गठबंधन की एक भी औपचारिक बैठक नहीं हुई। किसी भी राजनीतिक गठबंधन के लिए बैठकें केवल औपचारिकता नहीं होतीं, बल्कि संवाद, समन्वय और साझा रणनीति का आधार होती हैं। बैठकों का न होना यह संकेत देता है कि गठबंधन नाम मात्र का रह गया है, जबकि ज़मीनी स्तर पर दल अपनी-अपनी राह चलने लगे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनावों में यह बिखराव खुलकर सामने आया, जब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन तोड़कर अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया। 2024 में लोकसभा चुनावों में सीमित तालमेल के बाद यह उम्मीद थी कि दिल्ली में विपक्ष एकजुट रहेगा, लेकिन आपसी अविश्वास और राजनीतिक अहंकार ने इस संभावना को खत्म कर दिया। नतीजा यह हुआ कि विपक्षी वोटों का विभाजन हुआ और इसका लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिला। इसी तरह महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के दौरान कांग्रेस ने एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। यह फैसला उस समय और भी चौंकाने वाला था, जब भाजपा के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की बात बार-बार दोहराई जा रही थी। कांग्रेस का यह रुख उसके सहयोगियों के लिए संकेत था कि गठबंधन केवल सुविधा का मंच है, प्रतिबद्धता का नहीं।बिहार में तस्वीर थोड़ी अलग दिखी। यहां विपक्षी महागठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन आपसी फूट, नेतृत्व की खींचतान और समन्वय की कमी ने इसे अब तक की सबसे बड़ी हार दिला दी। टिकट वितरण से लेकर प्रचार की रणनीति तक, हर स्तर पर असंतोष और अविश्वास साफ नजर आया। यह हार इसलिए भी ज्यादा चर्चा में रही क्योंकि एकजुटता के बावजूद गठबंधन जनता के बीच एक स्पष्ट, विश्वसनीय विकल्प के रूप में खुद को पेश नहीं कर सका।

2025 में इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर असमंजस लगातार गहराता गया। समय-समय पर यह मांग उठती रही कि गठबंधन का नेतृत्व केवल कांग्रेस के हाथों में न रहे। तृणमूल कांग्रेस ने इस मांग की खुलकर अगुवाई की, यह कहते हुए कि क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत और जनाधार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

उधर, कांग्रेस की यह समस्या रही कि वह गठबंधन का नेतृत्व तो करना चाहती है, लेकिन उसके अनुरूप लचीलापन और सामूहिकता दिखाने में अक्सर विफल रहती है। यही कारण है कि उसके कई सहयोगी दल उसके रुख से इत्तेफाक नहीं रख पाए।

साथ ही इंडिया गठबंधन के भीतर मतभेद केवल चुनावी रणनीति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि मुद्दों पर भी एकरूपता का अभाव साफ दिखा। जम्मू-कश्मीर की नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला का बयान इस संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ÷एसआईआर के विरोध में कांग्रेस के उतरने का मतलब यह नहीं है कि वह हमारी भी लड़ाई हो।÷ यह बयान सिर्फ एक मुद्दे पर असहमति नहीं था, बल्कि यह दर्शाता था कि गठबंधन के घटक दल अपनी-अपनी क्षेत्रीय प्राथमिकताओं और राजनीतिक मजबूरियों के अनुसार फैसले ले रहे हैं। ऐसे ही विचार समय-समय पर अन्य सहयोगी दलों की ओर से भी सामने आते रहे, जिससे गठबंधन की साझा वैचारिक जमीन और भी कमजोर होती चली गई।

इसी कड़ी में यदि राहुल गांधी की भूमिका का विश्लेषण किया जाए तो 2025 उनके लिए भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने का वर्ष साबित हुआ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनसे यह उम्मीद की जा रही थी कि वह महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मध्यम वर्ग से जुड़े जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे, लेकिन वह अधिकतर समय चुनाव आयोग पर निशाना साधने और संवैधानिक संस्थानों को कठघरे में खड़ा करने में व्यस्त नजर आए। इससे न केवल उनकी भूमिका पर सवाल खड़े हुए, बल्कि विपक्ष की विश्वसनीयता को भी नुकसान पहुंचा। कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान, खासकर कर्नाटक में नेतृत्व और सत्ता संतुलन से जुड़े विवाद, का समाधान निकालने में भी वह विफल रहे। इसके अलावा पूरे वर्ष दिए गए उनके कई बयानों ने कांग्रेस ही नहीं, बल्कि उसके सहयोगी दलों की भी मुश्किलें बढ़ाईं, जिससे इंडिया गठबंधन के भीतर असहजता और अविश्वास और गहराता चला गया। देखा जाये तो साल 2025 विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए एक बड़ा अवसर हो सकता था, लेकिन यह वर्ष आपसी अविश्वास, नेतृत्व संघर्ष और रणनीतिक भ्रम की भेंट चढ़ गया। बहरहाल, इंडिया गठबंधन अगर भविष्य में प्रासंगिक बने रहना चाहता है, तो उसे नाम से आगे बढ़कर वास्तविक राजनीतिक एकजुटता दिखानी होगी। साझा मंच, नियमित संवाद, स्पष्ट नेतृत्व संरचना और क्षेत्रीय दलों की आकांक्षाओं का सम्मान किये बिना यह गठबंधन केवल कागजी रह जाएगा। 2025 ने विपक्ष को यह सख्त संदेश दे दिया है कि बिखराव की राजनीति सत्ता का विकल्प नहीं बन सकती।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ गुवाहाटी में स्वाहिद स्मारक क्षेत्र में उन लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की, जिन्होंने असम आंदोलन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।



जम्मू जिले में घने कोहरे और नए साल की बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवान कड़ी निगरानी रख रहे हैं।



आईएनएसवी कौंडिन्य, इंडियन नेवी का सिला हुआ सेलिंग वेसल, जिसे पुरानी इंडियन शिपबिल्डिंग टेक्नीक से बनाया गया है, गल्फ रीजन के साथ हिस्टोरिक मैरीटाइम लिंक को वापस लाते हुए, मस्कट, ओमान के लिए अपनी पहली यात्रा पर निकल पड़ा है।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में नए गुवाहाटी पुलिस आयुक्तालय भवन को समर्पित किया और इंटेलिजेंस सिटी सर्विलांस सिस्टम का उद्घाटन किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी दिखे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में गुवाहाटी पुलिस कमिश्नरेट बिल्डिंग और इंटेलिजेंस सिटी सर्विलांस सिस्टम के उद्घाटन के दौरान गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई।



कांग्रेस विधायक असलम शेख ने पार्टी उम्मीदवारों के साथ मुंबई के मलाड मार्वे रोड पर आने वाले बृहन्मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए नामांकन रैली में हिस्सा लिया।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी हैदराबाद में तीसरी तेलंगाना विधानसभा के सातवें सत्र में पहुंचे।

# त्रिपुरा के छात्र की हत्या का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट नस्लीय हिंसा के खिलाफ न्यायिक हस्तक्षेप की मांग



देहरादून, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

उत्तराखंड के देहरादून में इसी महीने त्रिपुरा के एक छात्र पर हमला हुआ था, जिसके चलते उसकी मौत हो गई थी। हत्या यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल की गई याचिका में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के खिलाफ नस्लीय हिंसा से निपटने में संवैधानिक विफलता के लिए तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की गई है। जनहित याचिका में 26 दिसंबर को एंजेल चकमा की हुई मौत का जिक्र किया गया है। वह उत्तराखंड के एक विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष का छात्र था। उस पर नौ दिसंबर को कथित तौर पर नस्लीय हमला किया गया था। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। चकमा के भाई माइकल की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, दोनों भाइयों को युवकों के एक समूह ने रोका, जिसके चलते कहासुनी हुई, जो हिंसा में बदल गई। वे नशे में थे और धारदार हथियार से हमला किया।

देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून अजय सिंह ने साफ किया है कि इसमें किसी तरह की नस्लीय हिंसा की बात सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि सेलाकुई क्षेत्र में दो पक्षों के युवकों के बीच हुई मारपीट की घटना में घायल त्रिपुरा निवासी एंजल चकमा की 26 दिसंबर को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।उन्होंने बताया कि इंटरनेट मीडिया में कुछ लोगों की ओर से इस प्रकरण को नस्लीय भेदभाव से जोड़कर प्रसारित किया जा रहा है। प्रकरण की अब तक की विवेचना के दौरान घटना में किसी भी प्रकार की नस्लीय भेदभाव व हिंसा किया जाना प्रकाश में नहीं आया है और ना ही पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर में इस प्रकार की किसी घटना का होने के संबंध अंकित कराया गया है।

## जेसीबी फैक्टरी में भीषण आग, कई ड्रमों में ब्लास्ट, खाली कराया गया इलाका

**जयपुर 30 दिसम्बर**। राजस्थान के जयपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां, जेसीबी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। एहतियात के तौर पर आस-पास के इलाके को खाली करा लिया गया है और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी है।अधिकारियों के अनुसार, सोमवार शाम को भांकरोटा इलाके में एक जेसीबी सर्विस सेंटर में आग लग



गई। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए कई दमकल कर्मियों को बुलाया गया था और इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।उन्होंने बताया कि सर्विस सेंटर में तेल से भरे कई ड्रम रखे हुए थे, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। पुलिस ने एहतियात के तौर पर केंद्र के पास के इलाके को खाली करा लिया गया है और आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# एपस्टीन फाइल्स को लेकर खुलासे तो हुए लेकिन अभी इन सवालों का जवाब ढूंढ़ रहे पीड़ित



अमेरिका, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

जेफरी एपस्टीन फाइल्स की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। अमेरिका ने पारदर्शिता की बात करते हुए इससे जुड़ी फाइल्स जारी कीं। इन खुलासों के बाद ऐसी कहानी धीरे-धीरे सामने आने लगी जिसे वॉशिंगटन ने कभी पूरा नहीं बताया था। एजेंसियों ने माना कि वे अभी भी और मटेरियल खोज रही हैं। डॉक्यूमेंट्स जारी किए गए और साथ ही यह भी साफ किया गया कि जारी की गई कुछ बातें सच नहीं थीं। जो तस्वीरें जारी की गईं उनमें ज्यादातर लोगों के चेहरों को छिपा दिया गया।धीरे-धीरे यह साफ हो गया कि यह अब सिर्फ एपस्टीन के बारे में नहीं था या सिर्फ सेक्स ट्रैफिकिंग के बारे में भी नहीं था। यह उस बारे में था कि एपस्टीन की काली दुनिया इतने समय तक सबके सामने चलती रही और कितने नामचीन लोग और बड़ी संस्थाएं भी उसके सामने झुक गईं। जैसे-जैसे और नाम सामने आए यह स्कैंडल और बड़ा होता गया। इसलिए नहीं कि फाइलों से जवाब मिले, बल्कि इसलिए क्योंकि उनसे पता चला कि इसमें शामिल कितने लोग बच निकले थे।एक समय ऐसा भी आया जब लग रहा था कि ट्रंप आखिरकार एपस्टीन के मामले को पीछे छोड़ देंगे। हालांकि उन्होंने एपस्टीन फाइल्स को जारी करने का फैसला तो किया लेकिन दस्तावेजों का ऐसा सिलसिला चला जो इतना अजीब था कि एफबीआई को भी सार्वजनिक रूप से कहना पड़ा कि इनमें से कुछ नकली हैं। इतना ही नहीं DOJ ने उन्हें काली पट्टी लगाकर रिलीज किया।जो फाइलें रिलीज की गईं वह साफ सुथरी नहीं थीं। इससे लोगों को लगने लगा कि अब पक्के सबूत कभी सामने नहीं आएंगे। लोगों को पता चल गया कि जो पावरफुल लोग होते हैं वह असल में कैसे काम करते हैं।

जस्टिस डिपार्टमेंट ने लाखों पेज जारी किए हैं, लेकिन इतना कुछ ब्लैक आउट किया गया है कि पीड़ित इस कांट-छांट को हजम नहीं कर पा रहे हैं। मानो लग रहा हो कि एक सिस्टम अभी भी ताकतवर लोगों की रक्षा कर रहा है, भले ही वह कबूल करने का नाटक कर रहा हो। एपस्टीन फाइल्स की जो तस्वीरें जारी की गईं उनमें नामचीन लोग- डोनल्ड ट्रंप, बिल क्लिंटन, माइकल जैक्सन, बिल गेट्स जैसे नाम शामिल हैं। इन फोटो में ये लोग लड़कियों के साथ नजर आ रहे लेकिन लड़कियों की तस्वीर को ब्लैक किया हुआ है। इस तरह से 2025 में जो एपस्टीन फाइल्स जारी की गई दो दर्शाता है कि इसमें कितनी मशहूर हस्तियां शामिल रहीं।

# उत्तर प्रदेश बना देश में सर्वाधिक पर्यटकों के आगमन वाला राज्य, इस साल घूमने आए 137 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट



**लखनऊ।** पर्यटकों की संख्या के मामले में एक बार फिर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर आया है। राज्य में धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राज्य ने विदेशी पर्यटकों के आगमन के मामले में देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में अभी तक उत्तर प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ है। इनमें 3.66 लाख विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। प्रयागराज महाकुंभ में देश व विदेश से 66 करोड़ श्रृद्धालुओं ने शिरकत की थी। इन श्रृद्धालुओं की संख्या ने लगातार चौथे वर्ष राज्य को घरेलू पर्यटकों की संख्या के मामले में पहले नंबर पर रखा है। सरकार राज्य में धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। इसके चलते वाराणसी, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है।

पर्यटन विभाग ने इस वर्ष प्रदेश में पर्यटन के विकास के लिए 1283.33 करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू की हैं। इनमें वाराणसी के घाटों का सौंदर्यीकरण, एकीकृत सर्किट हाउस और कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, चित्रकूट में कालिंजर एकीकृत मार्ग तथा राम वन गमन मार्ग पर पर्यटक सुविधा केंद्रों का विकास प्रमुख हैं। मुरादाबाद के भगवानपुर मंदिर, शाहजहांपुर के अजीत आश्रम योगकुंज (जन्मस्थली), वाल्मीकिनगर में लवकुश कुटी, त्रेतायुग भूमि कुटी, भरतकोठी, सीता रसोई का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत पर्यटन विभाग के पोर्टल पर पर 1757 पर्यटन इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है। साथ ही 37,688.58 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

# नए साल पर इस मुस्लिम देश में नहीं मनेगा जश्न, आतिशबाजी और शोर-शराबे पर भी रोक

इंडोनेशिया, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

नए साल के जश्न की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूरी दुनिया नए साल 2026 के जश्न का बेसब्री से इंतजार कर रही है, लेकिन दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश यानी इंडोनेशिया में नए साल का जश्न नहीं मनाया जाएगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति कार्यालय के एक अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। इंडोनेशिया के कई राज्यों ने इस साल नए साल के मौके पर आतिशबाजी नहीं करने की योजना बनाई है। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि इंडोनेशिया की केंद्र सरकार इस योजना का समर्थन करेगी। अब आप सोच रहे होंगे ऐसा क्यों तो चलिए



जानते हैं..दरअसल, इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर हाल ही में भयंकर बाढ़ आई थी। बाढ़ और भूस्खलन से 1,100 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि लगभग 400,000 लोग अभी भी विस्थापित हैं। अब बाढ़ के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते हुए नए साल का जश्न नहीं मानने, पटाखे नहीं फोड़ने का फैसला किया गया है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता और लोकप्रिय पर्यटक द्वीप बाली सहित कई सरकारों और पुलिस बलों ने कहा है कि वे सुमात्रा में पीड़ितों के सम्मान में आतिशबाजी करने की अनुमति नहीं देंगे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबिआंतो के कार्यालय के प्रवक्ता प्रासेत्यो हादी ने मीडिया से बात की. उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि यह सही है कि क्षेत्रीय सरकारों को आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाना चाहिए या लोगों से जश्न के दौरान आतिशबाजी न करने का आग्रह करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह सही है क्योंकि हमें एक देश के रूप में सहानुभूति और एकजुटता दिखानी होगी... कि कुछ लोग ऐसे हैं जो आपदा से पीड़ित हैं। इंडोनेशिया की सरकारी न्यूज एजेंसी अंतरा ने शनिवार को बताया कि बाली की राजधानी देनपसार में पुलिस ने नए साल की आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया है। जकार्ता के गवर्नर ने भी पिछले हफ्ते कहा था कि शहर में कोई आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं होगा। उन्होंने निवासियों से किसी भी तरह की आतिशबाजी न करने का आग्रह किया।

# बांग्लादेश में हिंसा के विरोध में रुद्र सेना ने विकासनगर में किया प्रदर्शन

## दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

विकासनगर, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसक घटनाओं के खिलाफ रुद्र सेना ने नगर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। उन्होंने इन घटनाओं की निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से सुरक्षा सुनिश्चित



करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।रुद्र सेना के संस्थापक राकेश उत्तराखंडी ने कहा कि धार्मिक कट्टरता के कारण हिंसा बढ़ रही है, बांग्लादेश में हुई ताजा घटनाएं इसका उदाहरण हैं। उन्होंने भारत सरकार से हस्तक्षेप की अपील की। संगठन के वरिष्ठ सदस्य सोहन सिंह ने बताया कि रुद्र सेना समाज, पर्यावरण और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कार्यरत है। जब भी किसी समुदाय पर अत्याचार होता है, संगठन शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करता रहेगा।इस मौके पर राकेश भारद्वाज, अनिल रावत, महेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, रंजीत सिंह, महावीर सिंह, रमेश सिंह, मंजू चौहान, दीपक राघव, अजीत, भरत सिंह, संजय सिंह, प्रीतम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील में बड़ा फेरबदल: मुकेश अग्रवाल संभालेंगे ट्रांसफार्मेशन की कमान, आशुतोष पांडेय बने चीफ कोल बेनीफिसिएशन

जमशेदपुर, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

टाटा स्टील को बाजार में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से प्रबंधन ने संगठनात्मक ढांचे में सोमवार को बड़ा बदलाव किया है। कंपनी ने चीफ आर्गनाइजेशन डिजाइन एंड ट्रांसफार्मेशन का नया पद सृजित कर इसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारी मुकेश अग्रवाल को सौंपी है। वहीं, वेस्ट बोकारो में भी नेतृत्व परिवर्तन करते हुए आशुतोष कुमार पांडेय को प्रमोशन देकर अहम जिम्मेदारी दी गई है।टाटा स्टील के सीईओ व एमडी टीवी नरेंद्रन के हस्ताक्षर से जारी सर्कुलर के अनुसार, कंपनी के भीतर संरचना, डिजाइन और कार्यसंस्कृति को आधुनिक बनाने के लिए ये कदम उठाए गए हैं। अधिकारियों के ये तबादले और नई नियुक्तियां नए साल में एक जनवरी और एक फरवरी से प्रभावी होंगी। सबसे अहम बदलाव के तहत अब तक चीफ एचआरबीपी (टीएसजे, टीएसजी और एचएमसी) का दायित्व निभा रहे मुकेश अग्रवाल अब चीफ आर्गनाइजेशन डिजाइन एंड ट्रांसफार्मेशन बनाए गए हैं।उनकी यह नियुक्ति 1 जनवरी से लागू होगी और वे जमशेदपुर से ही अपना कामकाज देखेंगे। नई भूमिका के साथ-साथ वे चीफ वेलनेस आफिसर की अपनी अतिरिक्त जिम्मेदारी भी




पहले की तरह निभाते रहेंगे। जब तक उनके पुराने पद पर नए अधिकारी की नियुक्ति प्रभावी नहीं हो जाती, तब तक वे अंतरिम रूप से उस कार्य को भी देखते रहेंगे। मुकेश अग्रवाल की भूमिका बदलने के कारण एचआर विभाग में अधिकारियों की जिम्मेदारियों में एक श्रृंखला के तहत बदलाव किए गए हैं, जो 1 फरवरी 2026 से लागू होंगे। इसके तहत कलिंगानगर में तैनात चीफ एचआरबीपी यशवंत कुमार पांडेय को वापस जमशेदपुर बुलाया गया है। वे अब जमशेदपुर में मुकेश अग्रवाल की जगह लेंगे। वहीं यशवंत कुमार पांडेय के जमशेदपुर आने से खाली हुई कलिंगानगर की जगह को भरने के लिए टाटा स्टील मेरामंडली के चीफ एचआरबीपी अमिताभ चंद्र झा का तबादला कलिंगानगर किया गया है।इसी तरह अमिताभ चंद्र झा की जगह लेने के लिए एनआईएनएल में प्रतिनियुक्ति पर गए प्रशांत कुमार नंदा की वापसी हुई है। नंदा अब अंगुल से टाटा स्टील मेरामंडली के चीफ एचआरबीपी का पदभार संभालेंगे। कोयला और रा मैटेरियल डिवीजन में भी महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। यहां चीफ कोल बेनीफिसिएशन के पद पर तैनात बोंदादा वेंकट सुधीर कुमार 27 वर्षों की शानदार सेवा के बाद 1 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके स्थान पर आशुतोष कुमार पांडेय को पदोन्नति देते हुए चीफ कोल बेनीफिसिएशन बनाया गया है। आशुतोष अभी हेड (ओएंडएम) वाशरी-III की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वे 1 जनवरी से चीफ-डेजिग्नेट के रूप में काम शुरू करेंगे और 1 फरवरी से सुधीर कुमार के रिटायर होने के बाद पूर्ण रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। आईएसएम धनबाद से बीटेक करने वाले आशुतोष 2008 से टाटा स्टील से जुड़े हैं और अब वे वेस्ट बोकारो से विभाग का संचालन करेंगे। टाटा स्टील परिवार ने सेवानिवृत्त हो रहे सुधीर कुमार के योगदान की सराहना करते हुए नई जिम्मेदारी संभालने वाले सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा की जयंती पर रविवार को टाटा मोटर्स जमशेदपुर प्लांट परिसर में रतन टाटा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कंपनी मुख्यालय से आनलाइन गिरीश वाघ व शैलेश चंद्रा ने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

# मैं तो खुद वनवास भुगत रहा हूं..., जीतू पटवारी के बयान पर विवाद, भाजपा ने साधा निशाना

इंदौर, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के एक बयान पर विवाद हो गया है। इंदौर पहुंचे पटवारी ने कार्यकर्ताओ से बातचीत में कह दिया कि मैं तो खुद वनवास भुगत रहा हूं। उनके इस बयान को भाजपा ने लपक लिया है और कांग्रेस पर हमला बोला है। दरअसल जीतू पटवारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने



कहा कि भैया, मैं तो खुद वनवास भुगत रहा हूं। उनके इस बयान पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में नहीं होती, तो उसे वनवास ही लगता है।भाजपा ने जीतू पटवारी पर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को वनवास पर भेजने का आरोप लगाया और कहा कि पटवारी के नेतृत्व से प्रदेश के कई नेता नाराज हैं और बदलाव की मांग कर रहे हैं। हालांकि पटवारी की तरफ से इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।उधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल को सोमवार को जिला कोर्ट से राहत मिल गई। कोर्ट ने कोरोनाकाल में धरना देने के मामले में इन सभी को दोषमुक्त कर दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एमपी-एमएलए) देवकुमार ने यह फैसला सुनाया। अभिभाषक जय हार्डिया और सौरभ मिश्रा ने बताया कि आरोप था कि 13 जून 2020 को कोविडकाल में नागरिकों को हो रही परेशानी के चलते तीनों तत्कालीन विधायकों ने राजवाड़ा स्थित अहिल्या प्रतिमा के पास धरना दिया था।

# हम भारतीय हैं, चीनी नहीं, एंजेल चकमा की हत्या पर गौरव गोगोई ने खड़े किए ये सवाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सोमवार को देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की बेरहमी से हत्या की निंदा की और भारत के नॉर्थ-ईस्ट क्षेत्र के लोगों के साथ होने वाले भेदभाव को लेकर अपनी बात रखी। गोगोई ने कहा, एंजल चकमा गालियां सुनकर चुपचाप जा सकता था और शायद वह आज जिंदा होता। लेकिन उस दिन उसका सब्र टूट गया और उसने उन लोगों का सामना किया जो उसे ताना मार रहे थे। माफी मांगने के बजाय, पांच लोगों ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। उसने 14 दिन तक लड़ाई लड़ी लेकिन आखिरकार चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई। गोगोई ने आगे कहा कि एंजेल के परिवार वालों ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई नहीं की और छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद ही कार्रवाई की गई, तब तक मुख्य आरोपी पहले ही भाग चुका था।उन्होंने कहा, छात्र के परिवार वालों ने कहा कि पुलिस ने उतनी तेजी नहीं दिखाई जितनी दिखानी चाहिए थी, लेकिन जब छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया तो आखिरकार कार्रवाई की गई, लेकिन तब तक मुख्य आरोपी पहले ही भाग चुका था।गोगोई ने इस बात पर भी चिंता जताई कि क्या ऐसी ही घटनाएं दूसरी जगहों पर भी हो रही हैं और पूछा, अब सवाल यह उठता है कि क्या ऐसा दूसरी जगहों पर भी हो रहा है, जहां नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के साथ इस तरह का बर्ताव किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, पूर्वोत्तर के लोग भारतीय हैं, चीनी नहीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि त्रिपुरा के एक युवक को 9 दिसंबर को देहरादून में बाजार से लौटते समय ये शब्द कहने पड़े।उन्होंने अपना अनुभव बताते हुए कहा, मेरे साथ भी ऐसा हुआ था। जब मैं एक बार आगरा गया तो एक गार्ड ने मुझसे पूछा कि आप कहां से हैं। अपना पासपोर्ट दिखाइए। हम नॉर्थ-ईस्ट के लोगों से अपने ही देश में, अपने ही लोग पासपोर्ट मांगते हैं। अपने देश का झंडा गर्व से लेकर चलने के बाद, अपने ही देशवासी से ऐसी बातें सुनना बहुत हिम्मत का काम है। यह हमारी सहनशीलता और देशभक्ति दोनों का प्रतीक है। देहरादून में 9 दिसंबर को एमबीए स्टूडेंट एंजेल चकमा पर कुछ लोगों ने चाकू और दूसरे धारदार हथियारों से हमला किया था।

# झारखंड के आउटसोर्स कर्मियों को मिलेगी सौगात, मानदेय से लेकर अन्य सुविधाएं बढ़ेंगी



रांची, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

राज्य सरकार अपने वादे के अनुरूप झारखंड के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स कर्मियों के तौर पर कार्यरत कर्मियों का कल्याण करने जा रही है।इन कर्मियों के दिन बहुरेंगे और इसके लिए बनी वित्त विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी की अनुशंसाओं का अनुपालन होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार 26 जनवरी को मुख्यमंत्री इससे संबंधित घोषणा को जारी कर सकते हैं। अभी तक की तैयारियों के अनुसार राज्य में आउटसोर्स कर्मियों के वेतन में सम्मानजनक बढ़ोतरी होगी। सेवा शर्तें भी पहले से बेहतर किए जाने की तैयारी है।वित्त विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार की अध्यक्षता वाली कमेटी की बैठक में आउट सोर्स कर्मियों के मानदेय बढ़ोतरी सहित कई अन्य मुद्दों पर सहमति बन गयी है। कमेटी कुछ दिनों में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। उसके बाद राज्य सरकार के स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। अलग-अलग कैटेगरी के आउट सोर्स कर्मियों को कम से कम चार हजार रुपये प्रतिमाह का लाभ होगा। पूर्व में ही यह बात स्पष्ट कर दी गई है कि कम्प्यूटर ऑपरेटरों को न्यूनतम मानदेय 25 हजार रुपये प्रति माह दिया जाएगा। स्किल्ड मजदूरों को लगभग 21000, अनस्किल्ड मजदूर को लगभग 19000, प्रोग्रामर, साफ्टवेयर इंजीनियर और इससे जुड़े अन्य कर्मियों को 60 हजार रुपये से एक लाख रुपये तक का मानदेय दिए जाने पर सहमति बनी है। आउटसोर्स पर कार्यरत वाहन चालकों को भी लगभग 25 हजार रुपये मानदेय मिल सकता है।

# नोएडा में उपभोक्ता के घर पहुंचा 222 करोड़ का बिजली बिल, विद्युत निगम की लापरवाही से सदमे में किसान




नोएडा, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।

पीवीवीएनएल (पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) की लापरवाही से उपभोक्ता के पास 222 करोड़ का बिजली बिल पहुंच गया। 1000 वर्ग मीटर के भूखंड में लिए 25 किलोवाट के कनेक्शन पर सात महीने का विद्युत बिल बकाया था।भारी भरकम बिल को देख उपभोक्ता के होश उड़ गए। चिपियाना खुर्द (तिगरी) निवासी विपिन यादव ने बताया कि उनके कामर्शियल कनेक्शन के सात महीने का बिल 222 करोड़ रुपये आया है। बिल देखते ही विपिन सीधे विद्युत निगम पहुंचे। आरोप है कि वहां उनकी सुनवाई नहीं हुई।तिगरी में विपिन यादव का 1000 मीटर का भूखंड हैं। यहां उन्होंने 25 किलोवाट का कामर्शियल चार्जिंग कनेक्शन लिया है। हर माह बिल जमा करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास लगे शिविर में जब वह पहुंचे तो उन्होंने जैसे अपना बिजली बिल चेक कराया तो सामने आया कि करीब 222 करोड़ रुपये बकाया है। हालांकि जब बिजली बिल डाउनलोड करने का प्रयास किया गया तो मई माह का बिल डाउनलोड हो रहा है।

इसके बाद उन्होंने इटेडा स्थित सबस्टेशन पर संबंधित अधिकारी से इस संबंध में बात की गई लेकिन कोई हल नहीं हो सका। निगम की ओर से बिल दिखवाकर सुधार करने का आश्वासन दिया गया है। इसके बाद वह भारतीय किसान यूनियन (गजय) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजय ठाकुर से मिले। जहां से उन्हें मामले की आवाज उठाने का आश्वासन मिला है।वहीं, विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता शिवम त्रिपाठी ने बताया कि सिस्टम पर तकनीकी समस्या से यह बिल जनरेट हो सकता है। उपभोक्ता के पास यह नहीं पहुंचता है। सिस्टम पर ही होल्ड हो जाता है। उपभोक्ता के पास सही बिल ही पहुंचेगा।

## धनंजय अभिनीत पैन वर्ल्ड हिस्टोरिकल फिल्म हलागली का पहला लुक और टीजर जारी




प्रसिद्ध कन्नड़ अभिनेता धनंजय ने निर्देशक सुकेश डीके के साथ मिलकर एक उच्च-स्तरीय, विश्वव्यापी सिनेमाई फिल्म हलागली बनाई है। कल्याण चक्रवर्ती धूलिपल्ला द्वारा दुहार मूवीज़ के बैनर तले निर्मित, यह महत्वाकांक्षी परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है, जो दो भागों में और पाँच भाषाओं - कन्नड़, तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी - में प्रदर्शित होगी। हलागली बेदार समुदाय की अनकही गाथा को सामने लाती है, जो ब्रिटिश औपनिवेशिक ताकतों के खिलाफ अपने भीषण गुरिल्ला युद्ध के लिए जाने जाते हैं। प्रतिरोध और विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित, यह फिल्म वीरता और विरासत से ओतप्रोत एक मनोरंजक ऐतिहासिक महाकाव्य होने का वादा करती है।

निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है, जिसमें धनंजय का प्रभावशाली और प्रखर अवतार लोगों को प्रभावित कर रहा है। पहले भाग का शीर्षक है: हथियारों की लड़ाई, जो प्रतिरोध की एक प्रचंड कहानी की शुरुआत करता है। पोस्टर के साथ, फिल्म का टीज़र भी जारी किया गया है, जो फिल्म की पृष्ठभूमि की एक सशक्त झलक पेश करता है। धनंजय एक क्रांतिकारी नेता की भूमिका में हैं, जो निडरता से ब्रिटिश शासन को चुनौती दे रहे हैं। एक चरमोत्कर्ष पर, वह ब्रिटिश झंडे पर भाला फेंकते हैं, जो ज़मीन पर गिर जाता है - इस दृश्य में उनका चेहरा दिखाई देता है जो एक अमिट छाप छोड़ता है।

टीज़र में धनंजय के किरदार को एक कट्टर देशभक्त और प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में पेश करते हुए, उनके इर्द-गिर्द ज़ोरदार उभार बनाए गए हैं। इस किरदार के लिए अभिनेता ने पूरी तरह से शारीरिक परिवर्तन किया है, जिससे उनके अभिनय में प्रामाणिकता और तीव्रता आई है।

दृश्य अद्भुत हैं, और साथ ही एक ज़बरदस्त बैकग्राउंड स्कोर भावनात्मक और नाटकीयता को और भी बढ़ा देता है। विश्वस्तरीय प्रोडक्शन वैल्यू के साथ, हलागली भारतीय सिनेमा में एक प्रभावशाली बयान देने के लिए तैयार है, जो सिनेमाई चमक के साथ इतिहास के एक कम-ज्ञात अध्याय पर प्रकाश डालती है। टीज़र ने निश्चित रूप से फिल्म के लिए उच्च उम्मीदें जगा दी हैं। धनंजय के लिए, यह प्रोजेक्ट निजी है। इतिहास ने मुझे हमेशा से आकर्षित किया है, लेकिन हलागली ख़ास है क्योंकि यह हमारी मिट्टी, हमारे लोगों और उनके साहस के बारे में है। आज़ादी के लिए लड़ने वाले योद्धा की भूमिका निभाना सम्मान और ज़िम्मेदारी दोनों है, वे बताते हैं। उनका पहला लुक उस भावना को दर्शाता है—एक नंगी छाती वाला योद्धा, ज़ख्मों से भरा लेकिन ख़तरनाक, पारंपरिक पोशाक पहने और युद्ध की कुल्हाड़ी थामे, बंदूकों के निशाने पर डटा हुआ, जबकि उसके साथी पीछे-पीछे इकट्ठा हो रहे हैं। निर्माता कल्याण चक्रवर्ती, जिन्होंने पहले 20 से ज़्यादा कन्नड़ और तेलुगु फ़िल्में वितरित की हैं, हलागली को एक ऐसी कहानी के रूप में देखते हैं जो दुनिया भर में फैल सकती है। वे बताते हैं, कन्नड़ इंडस्ट्री भले ही छोटी हो, लेकिन केजीएफ जैसी फ़िल्मों ने साबित कर दिया है कि हमारी संस्कृति में रची-बसी सशक्त कहानियाँ दुनिया भर तक पहुँच सकती हैं। हम चाहते हैं कि हलागली भी ऐसा ही करे, कर्नाटक के योद्धाओं के जज्बे को प्रदर्शित करे।

# पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव करने के लिए अपनाएं ये असरदार सुझाव, रहेंगे स्वस्थ



पानी शरीर की जरूरत है, जो हाइड्रेशन प्रदान करने के साथ-साथ कई कार्यों का समर्थन भी करता है। यह पाचन, शरीर का तापमान बनाए रखने और पोषक तत्वों को कोशिकाओं तक पहुंचाने जैसे तमाम कार्यों के लिए जिम्मेदार होता है। हालांकि, प्यास बुझाने वाला यह स्रोत भी हमें बीमार कर सकता है। इन दिनों पानी से होने वाली बीमारियां बढ़ रही हैं, जिनसे बचाव के लिए आप ये सुझाव अपना सकते हैं।

पानी की गुणवत्ता की जांच करें

यह जान पाना मुश्किल है कि आपके घर में जो पानी आता है, वह शुद्ध है या नहीं। ऐसे में आपको पीने से पहले उसका परीक्षण करके शुद्धता जांच लेनी चाहिए। सबसे पहले मिनरल्स, केमिकल्स, बैक्टीरिया और पीएच जैसी अशुद्धियों की मौजूदगी की जांच करें। इसके लिए आप टेस्ट स्ट्रिप्स या टीडीएस मीटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप पानी के रंग, उस पर आने वाले झाग या अजीब स्वाद व गंध से भी शुद्धता की जांच कर सकते हैं।

पानी को शुद्ध करें- आपको पानी पीने से पहले हमेशा उसको प्यूरीफाय यानि शुद्ध करना चाहिए, जिससे बीमारियों का खतरा कम हो जाएगा। इसके लिए सबसे सरल तरीका है पानी को उबाल लेना, जिससे बैक्टीरिया मर जाते हैं। इसके अलावा आप घर में एक अच्छी कंपनी का वाटर प्यूरीफायर लगवा सकते हैं, जो पानी को पूरी तरह शुद्ध कर देगा। बिना खुशबू वाला घरेलू ब्लीच भी पानी को साफ करने में मददगार हो सकता है।

नलों और प्यूरीफायर को साफ रखें

केवल पानी को प्यूरीफाय करना ही काफी नहीं होता है। आपको उन स्त्रोतों को भी साफ रखना होगा, जिनसे पानी निकलता है। अपने घर में लगे सभी नालों, टंकियों और बाल्टी आदि को नियमित रूप से साफ करें। समय के साथ वाटर प्यूरीफायर में भी धूल, मिट्टी और अशुद्धियां जमा हो जाती हैं। ऐसे में एक पेशेवर व्यक्ति को बुलाकर उसकी सर्विसिंग करवाएं, ताकि आपको साफ पानी ही मिले और कोई बीमारी न लगे।

पानी को सही से स्टोर करें

अगर शुद्ध पानी को गलत तरीके से स्टोर किया जाए तो वह भी दूषित हो जाता है। गंदे बर्तन या बोतल आदि में साफ पानी रखने से उसमें दोबारा से अशुद्धियां आ जाती हैं। पानी को हमेशा साफ और ढकी हुई बोतलों में भरकर रखें, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वह शुद्ध है। गंदे हाथों से पीने के पानी को न छुएं और गिलास को भी साफ रखें। बाल्टी में भी पानी को ज्यादा देर तक भरकर न रखें।

दूषित स्त्रोतों के संपर्क में न आएं

केवल पीने के पानी से ही नहीं, बल्कि नहाने के पानी से भी बीमारियां फैलती हैं। ऐसे में आपको नहाने का पानी भी शुद्ध कर लेना चाहिए।

इसके अलावा दूषित पानी के स्त्रोतों से खास दूरी बनाकर रखें। इनमें गंदी झीलें, नदियां और स्विमिंग पूल शामिल हो सकते हैं।

इन स्त्रोतों का पानी न तो पीना चाहिए और न ही उनमें तैराकी या स्नान करना चाहिए। इन सुझावों को अपनाकर आप पानी से फैलने वाली बीमारियों से सुरक्षित रहेंगे।



## इस छुट्टियों के सीजन में प्रोजेक्ट्स की शूटिंग में व्यस्त रहेंगी अभिनेत्री इशिता राज

अभिनेत्री इशिता राज के लिए यह छुट्टियों का सीज़न काफी व्यस्त रहने वाला है। उनके पास बैक-टू-बैक प्रोजेक्ट्स होने के चलते, इस दौरान उनके सेट्स पर ही रहने की उम्मीद है।

कामकाजी छुट्टियों के सीज़न को लेकर इशिता कहती हैं, यह छुट्टियों का सीज़न मेरे लिए बेहद रोमांचक होने वाला है क्योंकि मैं अपने प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कर रही होंगी। सेट पर ही जश्न मनाया जाएगा, जो मेरे लिए काफी उत्साहित करने वाला है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूँ कि इस छुट्टियों के सीज़न में मुझे काम करने का मौका मिल रहा है। एक कलाकार के रूप में मेरा लक्ष्य अपने दर्शकों तक सार्थक और अर्थपूर्ण काम पहुँचाना है।

इशिता राज ह्यूमन कोकेन में एक डार्क और पहले कभी न देखे गए अवतार में दर्शकों को चौंकाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इससे पहले वह प्यार का पंचनामा, प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, वाइल्ड वाइल्ड पंजाब जैसी लोकप्रिय फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। ह्यूमन कोकेन और आने वाले कई रोमांचक प्रोजेक्ट्स के साथ, यह साफ है कि अभिनेत्री इस साल का समापन एक शानदार और ऊँचे नोट पर कर रही हैं।

## विजय थलापति की फैन गर्ल हैं मालविका मोहनन, उन्हें बताया खास इंसान

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार और राजनेता थलापति विजय की अपकमिंग फिल्म जन नायगन का ऑडियो लॉन्च होने को तैयार है, जिसे लेकर अभिनेत्री मालविका मोहनन ने अपनी खुशी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जाहिर की। मालविका ने बताया कि वह विजय की फैन गर्ल हैं। मालविका ने खुद को थलापति विजय की फैन गर्ल बताया और कहा कि वे हमेशा उनके और उनकी टीम के लिए चीयर करती रहेंगी। मालविका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि विजय के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। इसके लिए उन्होंने खुद को लकी भी बताया। मालविका ने पोस्ट में लिखा, इससे पहले कि मैं अपनी फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में बिजी हो जाऊं, मैं जन नायगन के ऑडियो लॉन्च के लिए अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करना चाहती हूं। विजय सर के साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और उनके जैसा दोस्त पाना इससे भी बड़ी बात है। वह हर मायने में खास इंसान हैं। मैं दुनिया भर में फैले उनके फैंस की तरह फिल्म की पूरी टीम के लिए चीयर करूंगी। मैं थलपति फैन गर्ल हूं।

मालविका विजय के साथ साल 2021 में आई फिल्म मास्टर में साथ काम कर चुकी हैं, जिसमें वह विजय के साथ मुख्य भूमिका में थीं। उस फिल्म में विजय सेतुपति भी हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल थी। मालविका, विजय को विजय सर कहकर सम्मान देती हैं। दोनों के बीच दोस्ती का अच्छा बॉन्ड है।

वहीं, जन नायगन थलपति विजय की 69वीं फिल्म है और इसे उनकी आखिरी फिल्म माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद वे पूरी तरह राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे। फिल्म का निर्देशन एच विनोद कर रहे हैं और इसमें पूजा हेगड़े लीड एक्ट्रेस हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। जानकारी के अनुसार फिल्म 9 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। फिल्म का ग्रैंड ऑडियो लॉन्च मलेशिया के कुआलालंपुर में निर्धारित है।

मालविका मोहनन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों में व्यस्त हैं। वह प्रभास के साथ द राजा साब में नजर आएंगी, जो रिलीज को तैयार है।



# बेबी पालक है पोषक तत्वों का भंडार इ से बनाकर खाएं अनोखे पकवान

पालक तो सभी के घरों में बनती है, लेकिन इसकी एक खास किस्म के बारे में काफी कम लोग जानते हैं। हम बात कर रहे हैं बेबी पालक की, जिसे छोटी पालक नाम से भी जाना जाता है। यह आम पालक की तुलना में कम कड़वी होती है और इसे कच्चा भी खाया जा सकता है। यह विटामिन, मिनरल, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और प्रोटीन का भंडार होती है। आप बेबी पालक से ये व्यंजन बना सकते हैं, जिनकी रेसिपी आसान है।

बेबी पालक का लजानिया

सबसे पहले पैन में तेल गर्म करें और लहसुन, प्याज, नमक, काली मिर्च और बेबी पालक को भून लें। इस मिश्रण को निचोड़कर इसका पानी निकाल दें और अलग रख दें। मिक्सी में रिकोटा चीज, परमजान चीज, जायफल, क्रीम, नमक, काली मिर्च और ओरिगैनो पीस लें। इसमें बेबी पालक वाला मिश्रण डालकर दोबारा पीसें। मक्खन, मैदा, दूध और चीज मिलाकर वाइट सॉस तैयार करें। बेकिंग ट्रे पर लजानिया शीट, दोनों सॉस और चीज की लेयर लगाते जाएं और बेक करें।

ग्रीन स्मूदी

अगर आप बेबी पालक से कुछ पीने के लिए बनाना चाहते हैं तो ग्रीन स्मूदी सही रहेगी। इसके लिए सबसे पहले एक ब्लेंडर में बेबी पालक को पीस लें। इसके बाद इसमें बादाम का दूध,



एक केला, आधा कप जमे हुए फल और एक चम्मच सब्जा के बीज डालकर दोबारा पीस लें। इसे गिलास में निकालें और सुबह नाश्ते के वक्त सेवन करें। यह स्मूदी फाइबर से समृद्ध होगी और आपके शरीर को ताकत से भर देगी।

बेबी पालक और स्ट्रॉबेरी का सलाद

बेबी पालक से बनने वाला स्ट्रॉबेरी सलाद बेहद स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले प्याज, चेरी टमाटर और खीरे को टुकड़ों में काट लें। ड्रेसिंग बनाने के लिए एक कटोरे में सिरका, जैतून का तेल, खसखस, शहद, सरसों, नमक और काली मिर्च मिलाएं। एक बड़े कटोरे में सभी सब्जियां, बेबी पालक और कटी हुई स्ट्रॉबेरी मिलाएं। अब ऊपर से ड्रेसिंग छिड़कें और आनंद लेकर खाएं।

बेबी पालक वाला पेस्तो पास्ता

पास्ता के शौकीन हैं तो एक बार बेबी पालक वाला पेस्तो पास्ता बनाएं। इसके लिए कटोरे में पानी गर्म करें और उसमें तेल और नमक डालकर पास्ता उबाल लें। इसे छानकर अलग रखें और एक कटोरी में पास्ता का पानी बचा लें। सॉस बनाने के लिए बेबी पालक, बेजिल, लहसुन, चिलगोजे के बीज, जैतून का तेल, चीज और नमक पीसें। एक पैन में सॉस को पकाएं, उसमें पास्ता और उसका बचा हुआ पानी शामिल करें और चीज डालकर खाएं।

बेबी पालक का सूप

सर्दियों में सूप पीना दिल को खुश कर देता है। इस मौसम में आप बेबी पालक का पौष्टिक सूप बना सकते हैं, जो गर्माहट के साथ-साथ पोषण भी देगा। इसके लिए पैन में जैतून का तेल गर्म करें और उसमें लहसुन और प्याज भूनें। इसमें आलू डालकर पकाएं और सब्जियों का शोरबा शामिल करें। इसके बाद इसमें बेबी पालक डालें और अच्छी तरह पकने दें। सूप को ब्लेंड करें और नमक, काली मिर्च और क्रीम मिलाकर पिएं।

## जावेद जाफरी की मायासभा का टीजर जारी



तुम्बाड जैसी सफल फिल्म बना चुके निर्देशक अनिल बर्वे अपनी आगामी फिल्म मायासभा से चर्चा में हैं। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता जावेद जाफरी को मुख्य किरदार में देखा जाएगा। कुछ हफ्ते पहले ही निर्माताओं की तरफ से इसका मोशन पोस्टर जारी किया गया था। अब मायासभा का टीजर जारी कर दिया गया है। साथ ही रिलीज की तारीख का खुलासा भी हो गया है। निर्माताओं का दावा है कि फिल्म गहरे रहस्य और रोमांच से भरपूर होगी। मायासभा का टीजर जारी करते हुए लिखा गया, लंबे समय से दबा सोना दावा किए जाने की प्रतीक्षा कर रहा है। कुंजी अब केवल धूम्र-राक्षस के खंडित दिमाग में मौजूद है। आप उस रसातल में कितनी दूर तक जाएंगे जिसने उसे बनाया है? इसमें डरावने दृश्य के साथ जावेद की आवाज है, जो कहते हैं, मैं तुम पर रौब जमाऊंगा।

## सू- दोकू क्र.273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.272का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -273

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 272 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# भाजयुमो ने फूंका सनातन विरोधी भूपेश का पुतला



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर मे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन मे पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का प्रदेश भर में पुतला दहन किया।

कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतो का अपमान करते रहे हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेंद्र राजवाडे ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने हमारे साधु-संतों का अपमान किया हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा का प्रवचन सुनने और शिव-भक्ति के लिए गाँव-गाँव, गली-गली में आबाल-वृद्ध नर-नारी उमड़ पड़े हैं। हमें गर्व है कि धीरेंद्र शास्त्री भगवान बागेश्वर धाम की महिमा बता रहे हैं। उन्होंने सनातन को जागृत करने का काम किया हैं, श्री राजवाड़े ने कहा कि, यही कांग्रेस पार्टी जो लगातार सनातन का विरोध करती है वे अब कुछ राज्यों तक ही सीमित हो गए है और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं होगी। भाजयुमो जिला महामंत्री साक्षी सिंह राजपूत ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज साहू ने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, भाजयुमो जिला महामंत्री सुश्री साक्षी सिंह राजपूत, मनोज साहू, जिला मंत्री रमेश तिवारी, पार्षद अभिनेद्र सिंह चंदेल,बिजेंद्र जायसवाल, दिलीप राजवाड़े, मनीष साहू, रोशन राजवाड़े, विकास दुबे,राजीव घोष, अरुण राज, नितिन जायसवाल, विक्की राजपूत, मोंटू देवागन, संतोष देवागन, लल्ला यादव, नरेश राजवाड़े, संतोष यादव, जय राजवाड़े, प्रवेन्द्र सिंह सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## 10 छात्र शैक्षणिक भ्रमण हेतु भोपाल रवाना

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन कोरिया के निर्देशानुसार कोरिया जिले के विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु साइंस सेंटर, भोपाल के लिए रवाना किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया विनोद कुमार राय एवं सहायक संचालक जितेंद्र गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बनाए रखते हुए भ्रमण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने विद्यालय एवं साथियों के साथ साझा करने की अपील की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं प्रयोगात्मक ज्ञान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शैक्षणिक भ्रमण हेतु चयनित विद्यार्थियों की सूची हरिओम रजवाड़े-सेजेस चरचा, दीपांशु राजवाड़े-सेजेस चरचा, पंकज साहू-हायर सेकेंडरी स्कूल रनई अनुराग कृष्ण पाण्डेय - हायर सेकेंडरी स्कूल रनई, सत्येंद्रकुमार पैकरा-रामानुज बैकुंठपुर राधेश्याम पैकरा -रामानुज बैकुंठपुर, चंद्रकांत- हायर सेकेंडरी स्कूल कूड़ेली सुजल सोनी -हायर सेकेंडरी स्कूल कूड़ेली, प्रतीक गुप्ता-सेजेस सोनहत, मो. हमजा-सेजेस बैकुंठपुर।

# शौचालय में लटका ताला, लोग परेशान



**जनकपुर।** एमसीबी जिले का तहसील कार्यालय भरतपुर में हमेशा समस्याओं का अंबार लगा ही रहता है। अब कार्यालय प्रांगड़ में शुलभ कॉम्प्लेक्स के नाम पर बना शौचालय में विगत चार महीनों से ताला लटका दिया गया है। लेकिन यहां ताला कौन लगाया, किसलिए लगाया गया है इसकी जानकारी किसी को नहीं है। वहीं भरतपुर तहसील कार्यालय के कर्मचारियों ने सुलभ शौचालय में पिछले चार माह से ताला लटकने के बारे में बताया कि इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं है। हमारे अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे है। वहीं नगर पंचायत जनकपुर के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि हमारे यहां सफाई कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे शौचालय की साफ सफाई नहीं हो पाती है। शायद इसी कारण शौचालय में ताला लगा दिया गया होगा, लेकिन कौन लगवाया है इसकी जानकारी नहीं है। जिम्मेदारों की ऐसी लापरवाही से भरतपुर तहसील कार्यालय में सुलभ शौचालय होते हुए भी कार्यालय में दूर-दराज से आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुरुष तो किसी तरह कार्यालय के दीवार का सहारा लेकर हल्का हो जाता है लेकिन सबसे ज्यादा महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ती है। जबकि पूर्व में ग्राम पंचायत जनकपुर के जिम्मेदारों ने शुलभ कॉम्प्लेक्स की दुकानों की नीलामी किया और दुकानों का किराया के पैसा से शौचालय की साफ सफाई का जिम्मा लिया था। लेकिन ग्राम पंचायत का उनन्यन होकर नगर पंचायत बन गई। परन्तु नगर पंचायत जनकपुर कॉम्प्लेक्स का सुध लेना ही बंद कर दी, शौचालय में कभी पानी उपलब्ध नहीं होता तो कभी ताला लटका दिया जाता है, कॉम्प्लेक्स की साफ सफाई व देख रेख ना होने के चलते अब यह कॉम्प्लेक्स अपनी आखरी सांस लेता दिख रहा है।

## समिति अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े की पहल पर किसानों को बड़ी राहत-धान खरीदी सीमा 2000 क्विंटल होगी



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के किसानों के लिए नया साल खुशियों की सौगात लेकर आएगा। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सलबा की अध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी तथा जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े की प्रभावी पहल के परिणामस्वरूप किसानों को बड़ी राहत मिली है। समिति सलबा में धान खरीदी की प्रतिदिन की सीमा बढ़ाने की उनकी मांग को कलेक्टर कोरिया ने स्वीकार कर लिया है। अब 1 जनवरी 2026 से प्रतिदिन धान खरीदी की सीमा 1300 क्विंटल से बढ़ाकर 2000 क्विंटल कर दी जाएगी। इस फैसले से न सिर्फ किसानों के समय की बचत होगी, बल्कि धान विक्रय की प्रक्रिया अधिक सुचारू और पारदर्शी बनकर उभरेगी। जानकारी के अनुसार, लंबे समय से किसान धान खरीदी की सीमा कम होने से परेशान थे, जिससे खरीदी केंद्र में भीड़ बढ़ती थी और किसानों को कई दिनों तक इंतज़ार करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समिति अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े ने प्रशासन के समक्ष विषय को मजबूती से उठाया। अंततः उनकी पहल रंग लाई और किसानों के हित में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर किसान हित से जुड़े कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे, जिनमें जगदीश सिंह (जिला उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा), रामसुंदर राजवाड़े (पूर्व महामंत्री, भाजपा), राजेंद्र देवागन (महामंत्री, किसान मोर्चा) एवं अमीरचंद (भाजपा युवा नेता) शामिल थे। इन सभी ने समिति अध्यक्ष के नेतृत्व की खुलकर सराहना की और कहा कि यह कदम किसानों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा। इस निर्णय से सैकड़ों किसानों को धान बेचने का बेहतर अवसर मिलेगा, खरीदी की प्रक्रिया तेज़, पारदर्शी एवं व्यवस्थित होगी, वहीं समिति सलबा ने किसान हित में एक मिसाल पेश की है। कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह पहल निर्णायक मानी जा रही है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# बैकुंठपुर में स्ट्रीट डॉग टीकाकरण अभियान पर ब्रेक, कागजों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर



**कोरिया बैकुंठपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में तथा कलेक्टर कोरिया के आदेशानुसार बैकुंठपुर में स्ट्रीट डॉग (आवारा कुत्तों) के टीकाकरण हेतु पशु चिकित्सा विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा अभियान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य शहर में रेबीज जैसी घातक बीमारी पर नियंत्रण तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

हालांकि अब यह टीकाकरण अभियान गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। जानकारी के अनुसार बीते लगभग एक सप्ताह से स्ट्रीट डॉग का टीकाकरण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। स्थानीय नागरिकों और पशु प्रेमियों का आरोप है कि जमीनी स्तर पर टीकाकरण नहीं हो रहा, जबकि कागजी रिकॉर्ड में कार्य पूर्ण या प्रगति पर दर्शाया जा रहा है। पशु विभाग का दावा है कि बैकुंठपुर के शहरी क्षेत्र में लगभग 250 से 300 स्ट्रीट डॉग हैं, जिनके टीकाकरण की योजना बनाई गई है। वहीं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय कार्यकर्ताओं के आंकड़े इससे बिल्कुल अलग तस्वीर पेश करते हैं। उनके अनुसार बैकुंठपुर के शहरी इलाके में वर्तमान में लगभग 600 से 700 स्ट्रीट डॉग मौजूद हैं, जिससे विभागीय आंकड़ों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। गौ रक्षक अनुराग दुबे ने कहा कि 'एक सप्ताह से टीकाकरण कार्य पूरी तरह बंद है, अभी तक पशु विभाग नगर पालिका की संयुक्त टीम के द्वारा मात्र 15 दिन में 103 स्ट्रीक डॉगो का टीकाकरण रेडियम बेल्ट की पहचान सहित करवाया गया है दूसरी तरफ कागजों में यह दिखाया जा रहा है कि टीकाकरण हो चुका है या लगातार जारी है। यदि समय रहते अभियान को गंभीरता से नहीं चलाया गया तो आम नागरिकों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बढ़ सकता है।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लगातार वे स्वयं और नगर पालिका की टीम टीकाकरण अभियान को दोबारा शुरू कराने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन पशु विभाग की ओर से वैक्सीन उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण टीकाकरण संभव नहीं हो पा रहा है। वैक्सीन की अनुपलब्धता के चलते पूरा अभियान ठप पड़ा हुआ है, जिससे प्रशासनिक तैयारियों और जमीनी क्रियान्वयन के बीच की खाई उजागर हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टीकाकरण अभियान को तत्काल प्रभाव से पुनः शुरू किया जाए, स्ट्रीट डॉग की वास्तविक संख्या का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की भी मांग जोर पकड़ रही है।

## पुलिस ने नागरिकों से कहा नए वर्ष का स्वागत करे पर सुरक्षा के साथ

**एमसीबी/चिरमिरी।** नववर्ष 2026 के अवसर पर जिले में कानून-व्यवस्था, शांति एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशानुसार जिला पुलिस एम.सी.बी. द्वारा जनहित में पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई है कि वे नववर्ष का जश्न पूरी जिम्मेदारी, संयम एवं कानून के दायरे में रहकर मनाएं। पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नववर्ष के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, उपद्रव, यातायात नियम उल्लंघन, ध्वनि प्रदूषण एवं कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्देशों के पालन हेतु जिलेभर में पुलिस बल की तैनाती कर विशेष निगरानी एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जारी पोस्टर के माध्यम से आमजन को अवगत कराया गया है । सार्वजनिक उपद्रव के अंतर्गत सड़कों अथवा पुलों पर केक काटना या भीड़ जमा करना प्रतिबंधित है। लापरवाही से वाहन चलाना, स्टंटबाजी एवं ट्रिपल राइडिंग पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। नशे की हालत में वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव) वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए जाएंगे। बिना अनुमति डीजे या तेज साउंड सिस्टम बजाना प्रतिबंधित है, जिससे ध्वनि प्रदूषण न हो। हुड़दंग, अशोभनीय व्यवहार अथवा शांति भंग करने पर तत्काल गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। नववर्ष के दौरान पूरे जिले में पुलिस टीम सतत गश्त पर रहेंगी तथा किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस द्वारा आम नागरिकों को संदेश दिया गया है . खुशी के साथ जश्न मनाएं, डर के साथ नहीं।

## पानी की समस्या से मुक्ति, रघुनाथ ने शुरू की दोहरी फसल



**कोरिया बैकुंठपुर।** सिंचाई के अभाव में वर्षों तक वर्षा पर निर्भर रहने वाले किसान रघुनाथ के जीवन में विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण (वीबीजी राम जी) ने आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है।

कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत के तहत ग्राम मधौरा निवासी किसान रघुनाथ अब खेत में बने कुंए के माध्यम से सिंचाई कर खरीफ और रबी दोनों फसलों का सफल उत्पादन कर रहे हैं। किसान रघुनाथ के पास लगभग दो से तीन एकड़ कृषि योग्य भूमि है, लेकिन पूर्व में सिंचाई सुविधा न होने के कारण वे केवल परंपरागत धान की खेती तक सीमित थे। बारिश कम होने पर रोपाई और फसल दोनों प्रभावित होती थीं। साथ ही पूरे वर्ष खेत सूखे रहते थे और परिवार को दैनिक उपयोग एवं पेयजल के लिए सार्वजनिक हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे विशेषकर महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गत वर्ष ग्राम सभा में वार्षिक योजना निर्माण के दौरान किसान रघुनाथ को विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण (वीबीजी राम जी) अंतर्गत खेतों में कूप निर्माण की जानकारी मिली। आवेदन के पश्चात ग्राम सभा के प्रस्ताव अनुसार उनके खेत में कुंआ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए 2 लाख 16 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई तथा ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया। निर्धारित समय-सीमा में कूप निर्माण पूर्ण होने के बाद परिवार की जल समस्या का स्थायी समाधान हो गया। कूप निर्माण के बाद किसान रघुनाथ अब खरीफ एवं रबी दोनों मौसम की खेती कर रहे हैं। पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिलने से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। बाड़ी में सब्जी उत्पादन से परिवार को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। इस वर्ष उन्होंने गेहूं की फसल लगाई है, जिससे लगभग 7 क्विंटल गेहूं उत्पादन होने का अनुमान है। वीबी जी राम जी से मिले कूप निर्माण ने किसान रघुनाथ के जीवन में खुशहाली, जल सुरक्षा और आर्थिक मजबूती सुनिश्चित की है।

## सूरजपुर जिला पारंपरिक वेशभूषा में प्रथम स्थान पर रहा

**सूरजपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन 23 से 25 दिसंबर 2025 तक राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई बिलासपुर में किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिला सूरजपुर से जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त दल ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में रणविकास सिंह आरमों ने प्रथम स्थान तथा वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## खधौरा हाट बाजार में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने निर्देश व मार्गदर्शन में खदौरा हाट बाजार, जिला कोरिया में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों तक आयुष सेवाओं का विस्तार करना, परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मौसम अनुरूप आहार-विहार की जानकारी देना था। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलविना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि बदलते जीवनशैली, खानपान और अनियमित दिनचर्या की वजह से अनेक बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से भी बीमारी होते हैं। ऐसे समय में होने वाले बीमारियों के बचाव के उपाय के बारे में आम लोगों को जानकारी दी जाती है और जांच, उपचार तथा निःशुल्क दवाई वितरण भी की जाती है। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास के लिए भी आम लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास करें साथ दैनिक दिनचर्या को सुधार करें। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच, जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इसमें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से 87 तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति से 52 मरीजों का उपचार किया गया। इस प्रकार कुल 139 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा दूरस्थ ग्राम इन्द्रपुर में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 49 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। आयुष विभाग के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है और लोगों में आयुष चिकित्सा के प्रति जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम में डॉ. आर. एस. यादव (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी), डॉ. नाजिया अंसारी (यूनानी चिकित्सा अधिकारी), डॉ. सौरभ सिंह (आयुष चिकित्सक) एवं रामरती (आर.एच.ओ.), फार्मासिस्ट रोहित भार्या, प्रशांत सिंह एवं श्रवण (वार्ड बॉय) का सक्रिय योगदान रहा।

## पीएम-अभिम अंतर्गत बीपीएचयू सोनहत का सीएमएचओ द्वारा औचक निरीक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-अभिम) के अंतर्गत निर्माणाधीन बीपीएचयू सोनहत का जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया। सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए पीएम-अभिम अंतर्गत बनाए जा रहे भवनों की गुणवत्ता सर्वोपरि है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधारात्मक बिंदुओं पर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

# विशाल हिन्दू सम्मेलन उमझर में भव्यता एवं एकता के साथ संपन्न

**कोरिया।** जिले के उमझर फुटबॉल मैदान में विशाल हिन्दू सम्मेलन अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में नगर मण्डल के उमझर, बिशुनपुर, जूनापारा, फुलपुर, दुर्गापुर, रटंगा सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों हिन्दू परिवारों ने सहभागिता कर एकता के सूत्र में बंधकर अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का परिचय दिया। सम्मेलन के दौरान करमा, सुआ, भजन जैसी पारंपरिक एवं भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।मुख्य वक्ता नरसिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में हिन्दू समाज को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को जाति-पाति से ऊपर उठकर, सभी तीज-त्योहारों को बिना भेदभाव एक साथ उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को संस्कारवान, अध्यात्म और धर्म-संस्कृति से जुड़ते हुए आधुनिकता की ओर बढ़ने का संदेश दिया।

'सबल व्यक्ति और संगठित परिवार ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं, तथा संस्कारित युवा पीढ़ी ही मजबूत भारत की पहचान है 'इस अवसर पर



क्षेत्र की अनेक सांस्कृतिक टीमों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें प्रमुख रूप से अंजनी पुत्र मानस परिवार (ढोढ़ीबहरा), मानस परिवार (चिल्का), मानस मंडली (मेको सलबा), मानस मंडली (उमझर), सुआ टीम (घुघरा),गणेश करमा दल (खुटरापारा), योग स्पोर्ट्स क्लब उमझर , माँ शारदा डांस क्लब उमझर एवं बालिका डांस टीम शामिल रहीं। मण्डल के सभी ग्रामों के सनातनी परिवारों के सहयोग से महाप्रसाद भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया। यह आयोजन हनुमान सेवा समिति नगर बिशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में तथा उमझर के युवाओं के विशेष सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के लगभग 20 प्रमुख प्रतिनिधियों ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की, जिनमें —कंवर समाज से शिवप्रसाद पैकरा,राजवाड़े समाज से रामबदन राजवाड़े एवं बृज राजवाड़े,नाई समाज से नंदू सेन,गोंड समाज से मोती सिंह (सरपंच),कुम्हार समाज से कवलसाय चक्रधारी,चेरवा समाज से रज्जूराम सोनपाकर,पनिका समाज से सुरेश मानिकपुरी,उरांव समाज से सुश्री संध्या भगत सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने पर बल दिया गया। आयोजन समिति में राजू मिश्रा, शिवप्रसाद राजवाड़े, राजेन्द्र प्रसाद राजवाड़े, सीताराम मानिकपुरी, सुकवाजर पण्डो, जगलाल सिंह, मदन राजवाड़े, गंगाराम राजवाड़े सहित अनेक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन में संतोष सिंह (शिक्षक), सुरेश मानिकपुरी (शिक्षक), अधिवक्ता सुश्री संध्या भगत, इंजीनियर रवि प्रजापति, नवनीत कुशवाहा, अनुपम राजवाड़े, सुरेन्द्र राजवाड़े (शिक्षक), कमलेश राजवाड़े आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन इंजीनियर प्रशांत राजवाड़े ने किया एवं आभार प्रदर्शन शिवप्रसाद राजवाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों , जिनमें श्रीमती धर्मवती राजवाड़े (जनपद सदस्य), श्रीमती हेमपुष्पा सिंह (जनपद सदस्य), श्रीमती सौभाग्यवती सिंह (जिला पंचायत सदस्य) सहित हजारों श्रद्धालु एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# सप्ताह में पांच दिन ही सरकारी कार्यालयों में काम, फिर भी रफ्तार कछुआ जैसी

## सरकारी व्यवस्था एक बार फिर हड़ताल की चपेट में, लोग भी परेशान

**कोरबा।** वर्ष 2026 की शुरुआत से ठीक पहले जिले के सरकारी कार्यालयों के अलावा स्कूलों में कामकाज लगभग ठप हो गया है। कारण यह है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने हड़ताल का आह्वान किया है जो तीन दिन तक चलना है। इसलिए स्थानीय कार्यालयों में ताले लटके हुए हैं। इन सबसे अलग हटकर महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पिछली सरकार द्वारा सप्ताह के कार्य दिवस कुल पांच दिन किए जाने की व्यवस्था अभी भी जारी है और इस पर भी सरकारी कामकाज की रफ्तार कछुआ जैसी है, इससे लोग परेशान हैं।

अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल का आज दूसरा दिन है। 29 से 31 दिसंबर तक यह प्रभावी रहेगी। जिले में करीब 20 हजार और प्रदेश में 4 लाख 75 हजार कर्मचारियों अधिकारियों के हड़ताल पर होने का दावा किया गया है।

सामूहिक रूप से 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश स्तरीय निर्णय के तहत कोरबा जिले में हड़ताल की शुरुआत की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कमचारियों अधिकारियों की हड़ताल के चलते प्रशासनिक और अन्य शासकीय कार्यालयों में ताले लटके नजर आए।



### कमजोर बच्चों को आखिर कैसे बनाएं दक्ष

पूर्व कलेक्टर अजीत वसंत ने मौजूदा शिक्षा सत्र में खासतौर पर सरकारी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा के नतीजों को सुधारने के लिए चिंता की थी और विशेष रूप से कमजोर बच्चों को सुधारने के लिए नया प्रयोग किया। प्राचार्यों और शिक्षकों को उनके लिए विशेष रूप से काम करने के निर्देश दिए गए। अपेक्षा की गई कि यह काम जमीन पर दिखना चाहिए। फरवरी-मार्च में बोर्ड की परीक्षाएं होना है। इन सबसे पहले हड़ताल में शिक्षकों की संलग्नता के मायने और परिणाम पर होने वाले प्रभाव को इससे यूं ही समझा जा सकता है।

### पहले अवकाश, फिर जश्न की स्थिति

गुरुवार 1 जनवरी से कैलेंडर वर्ष 2026 की शुरुआत हो रही है और इसके ठीक एक दिन पहले कर्मियों की हड़ताल समाप्त होना है। ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि अधिक संख्या में कर्मी एक जनवरी को कार्यालय पहुंचेंगे। जबकि इसके अगले दिवस यानि 2 जनवरी को सप्ताह का अंतिम कार्य दिवस है। मानसिकता यही है कि अंतिम कार्य दिवस को विलंब से कार्यालय पहुंचा जाए और शेड्यूल से पहले ही अपने गंतव्य का रूख कर लिया जाए। इसके अगले दो दिन शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा, यानि जश्न। ऐसे में सोमवार को भी सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति प्रभावित होना स्वाभाविक है। इन सबके बीच समझा जा सकता है कि सरकारी कार्यालयों में फाइलों की पेंडेंसी का बोझ बढ़ क्यों रहा है और इन सबके चक्कर में आम लोगों को मुश्किलों से दो-चार होना पड़ रहा है।

### ताले लटका देख लोग बैरंग लौटे

जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालय में अपने कार्यों से सरकारी कार्यालय पहुंचे नागरिकों को वहां पर ताले लटके नजर आए। जानकारी मिली कि सरकार के द्वारा रखे गए कर्मी हड़ताल पर हैं इसलिए कोई काम नहीं हो सकते। यह नजारा देखकर लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। उन्हें बताया गया है कि 31 दिसंबर तक यही स्थिति रहेगी, इसलिए अपने कामकाज के मसले पर वे नए वर्ष में ही यहां का रूख करें।

## क्लब की संचालन समिति बनीं

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में क्लब की संचालन समिति बनायी गई है। श्रमिक क्लब पंप हाउस में अध्यक्ष विजय महंत सचिव गिरीवर राठौर व कोषाध्यक्ष डीपी लहरे को बनाया गया है। इसी तरह सीआरसी क्लब में एनके साव अध्यक्ष राजेन्द्र यादव सचिव व सेत रात कोषाण्यक्ष बनाए गए है। यह समिति अब क्लब का संचालन करेगी। यह क्लब कोयला कामगारों के लिए बनाया गया है । शादी विवाह के अलावा क्लब मेंअन्य कार्यक्रम होते है। साल में एक बार कोयला कामगारों को गिफ्ट दिया जाता है। मानिकपुर मनोरजन क्लब के अध्यक्ष मिनीलाल साहू, सचिव भूषण नारंगे,व कोषाध्यक्ष रामलाल साहू गिफ्ट देने के लिए तैयारी कर रहे है। जेआरसी क्लब में सचिव मनोज कटेरिया सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय हो कार्य क्रर रहे है। जेअरसी क्लब में कई निर्माण कार्य भी कराए गए है। आने वाले दिनों में यहां पर अनेको कार्यक्रम होंगे।

## पंथीनाचा की रही धूम

**कोरबा।** एसईसीएल सुभाष ब्लाक कालोनी में गुरूघासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता शिष्टाके राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी खांडे उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतनात कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे,सचिव आरडी भारद्वाज, पार्षद रामगोपाल कुर्रे, धनकुमारी गर्ग, सहित अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया था। पंथीनाचा के अलावा अनेको कार्यक्रम आयोजित किए गए । धनरास में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुषमा रजक उपस्थित थी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी कंवर ने किया। केटाईनार में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन उपस्थित थे। इसके अलावा अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरजू अजय, जिलाध्यक्ष राजश लहरे भी मौजूद थे। सुभाष ब्लाक कालोनी में हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में दूज राम मिलन डाहरू राम ,विजय मिरी, ताराचंद, ने सहयोग प्रदान किया।

## ढेलवाडीह में बनेंगी नई कार्यकारिणी

**कोरबा।** बीकेकेएमएस ढेलवाडीह ईकाई में नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी जिसके लिए उपमहामंत्री अमिया मिश्रा व संगठन मंत्री बाबूलाल चंद्रा को प्रभारी बनाकर भेजा गया है। लगातार कोरबा कुसमुडा क्षेत्र के ईकाइयों में चुनाव कराए जा रहे है। रजगामार मानिकपुर व कोरबा ईकाई में चुनाव हो चुके है। अब अन्य ईकाईयों में चुनाव होंगे।

## 8.78 लाख मिट्रिक टन धान की हुई खरीदी, 66.61 प्रतिशत का उठाव



**कोरबा।** सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर जिले की 49 समितियों के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। अंतिम रूप से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी केंद्रों में मोटा, पतला और स्वर्णा धान की 878916.80 मिट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इसके विरुद्ध 5 लाख 82 हजार 662 मात्रा का उठाव हो गया है। यह कुल मात्रा का 66.61 प्रतिशत है। बताया गया कि वर्तमान में सभी उपार्जन केंद्रों को मिलाकर 2 लाख 91 हजार 342 मिट्रिक टन मोटा और 2 हजार 132 टन स्वर्णा धान का उठाव होना बाकी है। उठाव किए जाने योग्य यह कुल मात्रा 2 लाख 93 हजार 474 मिट्रिक टन है। जिले के अधिकांश उपार्जन केंद्र में 50 फीसदी से अधिक मात्रा का उठाव कराया जा चुका है। कुछ स्थानों पर 85 प्रतिशत से भी ज्यादा का उठाव उपार्जित मात्रा के विरूद्ध हो चुका है। जिले के पांच विकासखंडों में कुल 65 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों की उत्पादित उपज की खरीदी का काम किया जा रहा है। व्यवस्था के अंतर्गत इस बार भी धान खरीदी के 72 घंटे के भीतर उन्हें भुगतान किए जाने का इंतजाम किया गया है। जबकि टोकन से संबंधित व्यवस्था में इस बार परिवर्तन किया गया है। किसान 24 घंटे यह सुविधा ले सकते हैं। कुछ मामलों में तकनीकी फाल्ट से सामना न हो तो टोकन प्राप्त करना काफी आसान हैं, इस प्रकार के दावे लगातार किए जा रहे हैं।

## मुकुवा क्षेत्र में पहाड़ पर है हाथियों का बसेरा



**कोरबा।** जिले में कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है जहां कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज अंतर्गत मुकुवा क्षेत्र में स्थित पहाड़ में 51 हाथी पिछले कई दिनों से विचरण कर रहे हैं। वहीं कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में एक दंतैल हाथी सेंद्रीपाली के आसपास जंगल में डेरा डाला हुआ है। सेंद्रीपाली में मौजूद दंतैल हाथी लगातार उत्पात मचाकर ग्रामीणों एवं वन विभाग के नाकों में दम कर रखा हुआ है। हाथी ग्रामीणों की बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे सब्जी के पौधों को नुकसान पहुंचा रहा है। यह सिलसिला विगत एक सप्ताह से जारी है। वहीं मुकुवा क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी के बावजूद बड़ा नुकसान नहीं हो रहा है। हाथियों का दल दिन भर पहाड़ पर विश्राम करता है और शाम होने के बाद विचरण करने लगता है। पहाड़ पर स्थित जंगल में चारा चरने के बाद थोड़ी देर के लिए दल पानी पीने पहाड़ से नीचे उतरता है और क्षेत्र में स्थित तालाबों में पानी पीने के बाद पुन: पहाड़ पर चढ़ जाता है। हाथियों को मुकुवा क्षेत्र का पहाड़ भा गया है इसलिए वह काफी दिनों से यहां पर जमा हुआ है। वन विभाग भी निगरानी करने के अलावा हाथियों के दल को छेड़छाड़ नहीं कर रहा है।

## 40 गाँव से रामदूत को अयोध्या भेजेंगे ग्रामीण

### अजय दुबे ने बताया कि ऐसी है योजना

**कोरबा।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की वर्षगांठ के उपलक्ष में 500 युवाओं का दल दो पहिया गाड़ी से जाएगा। हरदी बाजार क्षेत्र के 40 गांव को मिलाकर इस प्रकार की योजना बनाई जा रही है कि यहां के ग्रामीण हर गांव से एक-एक रामदूत को अयोध्या भिजवाएंगे। इस पर काम शुरू कर दिया गया है।

सनातन संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजय दुबे ने बताया कि ग्रामीण युवाओं को एक अच्छे उद्देश्य से लंबे समय के लिए जोड़ना है। इसलिए हमने तय किया है विवेकानंद जयंती पर युवा सम्मेलन के साथ क्षेत्र से युवाओं की भागीदारी अयोध्या यात्रा में कराई जाए। इसके अंतर्गत संबंधित ग्रामों से हर व्यक्ति आंशिक आर्थिक सहयोग करेगा। अभियान में प्रत्यक्ष रूप से उनकी भागीदारी तय होगी। संबंधित रामदूत को प्रेरित करने का काम हमारा होगा। सामाजिक कार्यकर्ता अजय दुबे ने बताया कि योजना यह भी है कि वापसी के द्वारा क्षेत्र स्तर पर छोटे कार्यक्रम किया जाए और इसके माध्यम से व्यापक जन जागरूकता का वातावरण तैयार किया जाए। विभिन्न प्रकार की बुराइयों का उन्मूलन करना इसका एक बड़ा संकल्प होगा। याद रहे कोरबा जिले में 3 अरब 33 करोड़ 33 लाख राम नाम लेखन महायज्ञ का एक सोपान पूरा कर लिया गया है। इन पुस्तिकाओं को अयोध्या भिजवाने के लिए अगला कार्यक्रम 12 जनवरी से प्रारंभ होगा। इसमें 500 बाइक में युवा अयोध्या जाएंगे। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना पर प्रक्रिया चल रही है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों का अनुपात इसमें तय किया जा रहा है ताकि सभी क्षेत्रों की भागीदारी को इस अभियान के साथ आध्यात्मिक क्रांति के साथ समग्र जीवन मूल्यों की स्थापना के लिए व्यापक ब्लू प्रिंट तैयार करना है।

## डीआईजी निर्विकार ने कहा मनोबल बढ़ता है खेलकूद से



**कोरबा।** सीआईएसएफ इकाई बिलासपुर द्वारा पुरुष और महिला सेंट्रल सेक्टर टीमों की अंतर-इकाई बैडमिंटन और योग प्रतियोगिता का शुभारंभ दीपका के द्रोणाचार्य इंडोर स्टेडियम में शुरु हुई। सीआईएसफ के उपमहानिरीक्षक श्री निर्विकार, वरिष्ठ कमांडेंट नागेंद्र कुमार झा उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने कहा कि सीआईएसएफ के द्वारा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का स्तर और आगे बढ़ेगा जिस कंपनी का नाम रोशन होगा। वहीं सीआईएसफ डीआईजी श्री निर्विकार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं बल्कि अनुशासन और टीम-स्पिरिट भी सिखाते हैं। सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ हिस्सा लें और बेहतर प्रदर्शन करें। इस प्रतियोगिता में विभिन्न इकाइयों के 23 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 29 से 31 दिसंबर तक जारी रहेगी। इसमें एकल और मिश्रित वर्ग में प्रदर्शन होगा। प्रतियोगिता को तीन आयु वर्ग 45 वर्ष से कम, 45 से 50 वर्ष और 50 वर्ष से अधिक प्रतिभागी खिलाड़ी कोरबा, गेवरा, खंडवा और भिलाई इकाइयों से पहुंचे हैं।

## सीएमएस मिश्रा ने कहा, चिकित्सकों की सुरक्षा हो तय

**कोरबा।** स्वास्थ्य शिविर से लौटते समय एनसीएच के डॉक्टर पर जानलेवा हमले की जानकारी मिलने के बाद सोमवार की सुबह बिलासपुर से सीएमएस डॉ. मिश्रा गेवरा पहुंचे। जहां गेवरा सीजीएम समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने डॉक्टर व अन्य स्टाफ के साथ चर्चा की। इस दौरान एनसीएच के चीफ मेडिकल सर्विसेस डॉ. कल्याण सरकार ने उन्हें बताया मामले में पुलिस ने एफआईआर किया है जिसके बाद मामले में एसपी को पत्र लिखकर कई अन्य धारा जोड़ते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं शासन-प्रशासन से डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग की गई है। सीएसआर के तहत गांवों में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर के बाद डॉक्टर व टीम पर इस तरह से जानलेवा हमले के बाद पुलिस सुरक्षा नहीं मिलने पर टीम आगे से स्वास्थ्य शिविर करने में असक्षम होगी।

## कोल इंडिया के सीईओ का दायित्व सांईराम को



**कोरबा।** महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने संगठनात्मक ढांचे में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव किया है। कंपनी ने दशकों से चली आ रही 'चेयरमैन' की व्यवस्था को समाप्त करते हुए अब वैश्विक मानकों के अनुरूप 'चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर' (सीईओ) मॉडल को अपना लिया है।

कोल इंडिया बोर्ड की बैठक में लिए गए इस निर्णय के बाद, वर्तमान चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर बी. साईराम को अब कंपनी के पहले सीईओ के रूप में अतिरिक्त और औपचारिक दायित्व सौंपा गया है। यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। रेगुलेटरी फाइलिंग के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया गया है कि अब बोर्ड की अध्यक्षता और कार्यकारी अधिकार एक ही एकीकृत ढांचे के तहत काम करेंगे। कंपनी सूत्रों और बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस बड़े कदम के पीछे मुख्य उद्देश्य कॉरपोरेट गवर्नेंस को आधुनिक बनाना है।

## ठाकुरघाट में समापन होगा शोभायात्रा का, सिंधी समाज के चालीहे महोत्सव की पूर्णता 4 को

**कोरबा।** सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान वरुण देव के अवतार सांई झूलेलाल का चालीहा महोत्सव श्रद्धा भाव से 22 नवम्बर 2025 से झूलेलाल मंदिर रानी रोड कोरबा में मनाया जा रहा है।

श्री झूलेलाल मंदिर महिला सेवा समिति के द्वारा प्रत्येक दिवस श्री धूनी साहब करके भगवान झूलेलाल की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। सर्व समाज के कल्याण हेतु मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। पूज्य चालीहे महोत्सव का समापन 4 जनवरी 2026 रविवार को किया जावेगा। सुबह 11 बजे बहराणे साहब की पूजा झूलेलाल मंदिर में की जावेगी। आयोजन समिति ने बताया कि दोपहर एक बजे आम भंडारे का आयोजन सिंधु भवन रानी रोड में होगा। शाम 4 बजे शोभायात्रा श्री झूलेलाल मंदिर से आरंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए ठाकुर घाट पुरानी बस्ती में समाप्त होगी। महाआरती, पल्लव, पश्चात चालीहे साहब की ज्योत का परवान करके चालीहे साहब का समापन किया जावेगा। सिंधी समाज के सभी लोगों को इस आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।



## कृषि नवाचार को बढ़ावा मिला बालको के किसान मेले से



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने किसान दिवस के अवसर पर जिले के बेला और सोनगुढ़ा गांव में किसान मेला-2025 का आयोजन किया। इस मेले में 40 गांवों से आए 750 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तकनीकी विशेषज्ञ, सरकारी अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि और कृषि उद्यमी भी शामिल हुए। यह मेला किसानों के लिए आधुनिक खेती और सतत आजीविका से जुड़ी जानकारी साझा करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम साबित हुआ।

बालको ने यह आयोजन बायफ, सतत आजीविका एवं विकास संस्थान के सहयोग से किया। मेले में कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, पशुपालन और फसल बीमा से जुड़ी आधुनिक तकनीकों पर चर्चा और प्रदर्शन किए गए। बालको की 'मोर जल मोर माटी' परियोजना के तहत किसानों को वितरित किए गए कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। नकटीखार स्थित हाई-टेक नर्सरी से जुड़े स्टॉल में गुणवत्तापूर्ण पौधों की जानकारी दी गई। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के स्टॉल में किसानों को समूह बनाकर काम करने और बाजार से जुड़ने के लाभ बताए गए। इसके अलावा मारुत ड्रोन, क्रॉम्पटन मोटर, बिड़ला पाइप, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के स्टॉल्स के माध्यम से आधुनिक तकनीक, सिंचाई समाधान, सरकारी योजनाओं और कृषि आधारित स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका बहुत अहम है। बालको में हम केवल तकनीक या प्रशिक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि किसानों को आय के नए अवसर और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रहे हैं। 'मोर जल मोर माटी' जैसी पहल के जरिए हम कृषि, बागवानी और पशुपालन को लाभकारी आजीविका के रूप में बढ़ावा दे रहे हैं। रोगबहरी गांव के किसान अर्जुन कंवर ने कहा बताया कि बालको के सहयोग से मेरी खेती में बड़ा बदलाव आया है। प्रशिक्षण से मुझे बेहतर खेती, उत्पादन को बढ़ाना और लागत में कमी के साथ आदि जरूरी बातें सीखने को मिला। इस साल बेहतर खेती अपनाने के लिए मुझे सम्मान भी मिला, जिससे मुझे और आगे सीखने व दूसरे किसानों को प्रेरित करने की ताकत मिली। मोर जल मोर माटी परियोजना जल प्रबंधन, बहुफसली खेती, बागवानी और पशुपालन को बढ़ावा देती है। यह परियोजना 3,200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 8,000 से ज्यादा किसानों तक पहुंच चुकी है। अब तक 6,000 से अधिक किसानों ने आधुनिक खेती के तरीके अपनाए हैं, जिससे उनकी आमदनी और उत्पादन में वृद्धि हुई है। लगभग 25 प्रतिशत लाभार्थी युवा किसान हैं, जो यह दिखाता है कि खेती को आजीविका के रूप में अपनाने में युवाओं की रुचि बढ़ रही है। सरकारी योजनाओं और संस्थागत सहयोग से किसानों को जोड़कर बालको ग्रामीण आजीविका को मजबूत कर रहा है और छत्तीसगढ़ में टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा दे रहा है। यह पहल दिखाती है कि ज्ञान, नवाचार और सहयोग से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com